दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली बुधवार 20 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 147 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3





## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साइकिल लेकर सड़क पर निकले, पीएम मोदी की अपील का दिखा असर

**अपील का असर**

**मुख्यमंत्री ने मॉर्निंग वॉक की और लोगों से मुलाकात के दौरान स्वस्थ भारत, स्वस्थ हरियाणा का संदेश दिया**



**चंडीगढ़:** देश में पीएम मोदी की ईंधन बचाओ की अपील का असर खूब नजर आ रहा है। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी साइकिल पर सवार होकर सड़क पर निकले और सुबह के वक्त सुखना लेक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मॉर्निंग वॉक की और लोगों से मुलाकात के दौरान स्वस्थ भारत, स्वस्थ हरियाणा का संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साइकिल से सफर किया और सुबह सुखना लेक पहुंच कर मॉर्निंग वॉक की। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात की और स्वस्थ भारत, स्वस्थ हरियाणा का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम जनता से सहयोग की भी अपील की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर विपक्ष भी जनता के साथ मिलकर विकसित भारत के संकल्प में साथ आए। हरियाणा में भी हमनें अपनी सरकार के हिसाब से एसओपी जारी की।

गौरतलब है कि पीएम मोदी ने हालही में देश से ईंधन बचाने और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की थी। पीएम मोदी की इस अपील के बाद देश के कई राज्यों के सीएम ने अपनी कारों का काफिला छोटा कर दिया था। खुद पीएम मोदी का काफिला भी छोटा हुआ था। इसके अलावा तमाम राज्यों के मंत्रियों और बड़े अधिकारियों ने भी अपना काफिला छोटा किया था। दिल्ली सरकार की सीएम और अन्य मंत्री तो दिल्ली मेट्रो में सफर करते हुए नजर आए थे। बीजेपी नेताओं ने भी अपने काफिले को छोटा करते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट और इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल में सफर करना शुरू किया था।

## राहुल गांधी कर रहे हैं देश की जनता को गुमराह : अतुल गर्ग

### 'वो चाहते हैं कि देश के लोग घबरा जाएं'

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ग्लोबल आर्थिक समस्या की आशंका को लेकर विपक्ष के नेताओं ने ये कहा कि देश पर बहुत बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है। सांसद और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने ये बयान दिया। देश पर अर्थव्यवस्था पर बड़ा संकट क्या वास्तव में आ रहा है। इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। देश पर कौन सा आर्थिक संकट आ रहा है, इसे लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ईरान और अमेरिका की जंग में क्या देश में गैस की किल्लत दिख रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ये चाहते हैं कि देश के लोग घबरा जाएं। वो लगातार ऐसी बातें कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति ये है कि बांग्लादेश के किसी नेता ने ये कहा कि ममता बनर्जी चाहें तो हम बंगाल पर हमला कर देंगे। इस बयान पर ममता बनर्जी खामोश हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष बेहद गैरजिम्मेदारा अंदाज में है और उसके नेताओं की ये मंशा है कि देश में अफरा-तफरी मच जाए। उन्होंने कहा कि विश्व में अगर संकट आएगा तो भारत पर भी उसका असर पड़ेगा, लेकिन विपक्ष के नेता ऐसा इसलिये कर रहे हैं कि ताकि गलत संदेश जाए और भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सच तो ये है कि विपक्ष के ये नेता देश के विकास में बाधा कर रहे हैं।





ये देश में जनता को कंफ्यूज कर रहे हैं। उसे भ्रमित कर रहे हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कहीं कोई संकट नही है। ये ग्लोबल समस्या है और हम देश के प्रधानमंत्री के सुझावों पर अमल करते हुए इस पूरी परिस्थिति से बाहर आ सकते हैं। राहुल गांधी सिर्फ देश के विरोध में काम कर रहे हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दावा किया कि दुनिया के सबसे अच्छे देशों की स्थिति में हमारा देश है और देशवासी बिल्कुल भी ना घबराएं।

## हो सकती है कभी भी क्षेत्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा

### दिल्ली में आज हो रही है प्रदेश संगठन को लेकर अहम बैठक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा चुनावी मोड में है, भाजपा संगठन की संरचना को धार दे रही है। वो मंडल अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्ष तक अपनी चुनावी आर्मी के सभी सैनिकों को फिट कर रही है। मंगलवार की शाम दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी से लेकर कई पदाधिकारी शामिल हुए हैं। आखिर दो दिन तक भाजपा किस बात को लेकर मंथन बैठक कर रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से इसका क्या कनेक्शन है। सूत्र बताते हैं कि वैसे तो कई राज्यों के विषयों पर चर्चा होगी, लेकिन उत्तर प्रदेश में भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर फोकस रहेगा। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम कभी भी घोषित हो सकता है। कई नाम चचा में हैं और नाम अभी लिफाफों में बंद होना बाकी है। इस बैठक के बाद भाजपा की प्रदेश टीम के चेहरे भी आ जांएगे। कौन प्रदेश में मंत्री बनेगा, कौन क्षेत्र में मंत्री बनेगा, यह तस्वीर साफ हो जाएगी। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा निगाहें क्षेत्रीय अध्यक्ष के नाम पर सबसे ज्यादा फोकस है। इस बैठक में कई बड़े और अहम सकारात्मक फैसले होने जा रहे हैं।




## स्ट्रीट डॉग्स पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सराहनीय : अतुल गर्ग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सबसे पहले लोकसभा में आवारा कुत्तों की समस्या का मामला उठाया था। उन्होंने ये मामला उठाया और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका में इस पर फैसला सुना दिया। इस फैसले की प्रतिक्रिया हुई और पशु प्रेमी सड़कों पर आ गए। उसके बाद से ये मामला चल रहा था। सांसद अतुल गर्ग का बयान इसलिये भी प्रमुख है कि उन्होंने सबसे पहले लोकसभा में इस विषय को उठाया था। अब जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया तो दैनिक करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला वास्तव में मानवता के रूप में एक संदेश है। उन्होंने कहा कि पशुओं के प्रति भी संवेदना होनी चाहिए, लेकिन देश के करोड़ों बुजुर्गों को और बच्चों को स्ट्रीट डॉग की दया पर नहीं छोड़ा जा सकता। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि जिन पशु प्रेमियों को स्ट्रीट डॉग से लगाव है तो वो उन्हें अपने घर ले जा सकते हैं, उनका पालन पोषण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जानवरों से प्यार ठीक है, लेकिन हमें मानव की रक्षा के लिये भी कदम उठाने होंगे। यह एक बड़ी समस्या है, देश में प्रतिवर्ष लाखों लोगों को इसी वजह से रैबीज के इंजेक्शन लगवाने पड़ते हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है और स्ट्रीट डॉग्स के लिये मानवता को दरकिनार नहीं किया जा सकता।





## डॉ. राम अवतार जिंदल पर आलाकमान का बड़ा भरोसा 'सामाजिक समरसता महारैली' की कमान सौंपी





तालकटोरा स्टेडियम

**जिम्मेदारी**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर डॉ. राम अवतार जिंदल बने कार्यक्रम प्रभारी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने आगामी 2 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली 'सामाजिक समरसता महारैली' को लेकर बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर इस विशाल आयोजन की पूरी जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ डॉ. राम अवतार जिंदल को सौंप दी गई है। पार्टी द्वारा जारी आधिकारिक सूचना में डॉ. जिंदल को महारैली कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राजनीतिक गलियारों में इसे केवल संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पार्टी आलाकमान के गहरे विश्वास और डॉ. जिंदल की बढ़ती राजनीतिक स्वीकार्यता के रूप में देखा जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो सुभासपा इस महारैली को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आगामी राजनीतिक समीकरणों और सामाजिक विस्तार की बड़ी रणनीति के रूप में देख रही है।

ऐसे में पूरे आयोजन की कमान डॉ. राम अवतार जिंदल को सौंपना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत और भरोसेमंद चेहरा मानता है। व्यापार वर्ग से लेकर सामाजिक संगठनों तक डॉ. जिंदल की सक्रिय पकड़ लंबे समय से चर्चा में रही है।

संगठन के भीतर उनकी कार्यशैली, संपर्क क्षमता और विभिन्न वर्गों में संवाद स्थापित करने की ताकत को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी इस फैसले को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में होने वाली यह महारैली सुभासपा के लिए शक्ति प्रदर्शन के साथ-साथ सामाजिक समीकरणों को साधने का बड़ा मंच बनने जा रही है। ऐसे में कार्यक्रम की कमान जिस नेता को मिलती है, वह स्वाभाविक रूप से संगठन के विश्वास और प्रभाव का बड़ा संकेत माना जाता है।

## लाउंज-बस-प्लेन-बस तक एक घंटा 70 मिनट का ये साथ

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष में कुछ तो हुई है बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति के दो लोग जब एकसाथ मिलें तो बात राजनीति पर ही होगी। दोनों एक घंटा 70 मिनट तक साथ रहे तो ये माना जाएगा कि राजनीतिक बात तो जरूर ही हुई होगी। एक घंटा 70 मिनट तक का ये साथ रहा है तो इस दौरान क्या बात हुई है इसका अंदाजा लगाया जा रहा है। मामला लखनऊ-दिल्ली वाली फ्लाईट से है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एक साथ एक घंटा 70 मिनट रहे हैं। राजनीति के दो कद्दावर चेहरे इतने लंबे समय एक साथ रहे और राजनीतिक विषय पर कोई बात ना हो ये कैसे हो सकता है, लेकिन ऐसा हुआ है और अब ये जानने की कोशिश हो रही है कि आखिर क्या बात हुई है। ये चर्चा इसलिये भी तेजी से है क्योंकि मंगलवार की शाम को दिल्ली में एक बड़ी बैठक आयोजित हुई है। इस बैठक का सीधा कनेक्शन उत्तर पदेश के भाजपा संगठन से है।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लखनऊ से दिल्ली पहुंचे हैं तो चर्चा तो ये बनती है। लखनऊ-दिल्ली वाले इस सीन में लोगों ने एयरपोर्ट के लाउंज में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को साथ-साथ एक घंटे तक बैठे देखा। राजनति के लोग एक घंटे में तो सरकार निकाल लेतें हैं, बात का सार निकाल लेते हैं। लेकिन पता चला है कि मुलाकात की कहानी तो 60 मिनट से आगे निकल गई। क्योंकि दोनों एक साथ एक फ्लाइट में सवार हुए और हवा का ये सफर 50 मिनट का रहा। इसके बाद वहां से बस तक आने में दस मिनट का साथ रहा और फिर दोनों गेट से गाड़ी तक पहुंचे तो दस मिनट यहां लगे। एक घंटा 70 मिनट साथ रहे हैं तो ये मुलाकात कुछ तो समीकरण साध रही है। संगठन वाले हैं तो सरकार वालों से क्या बात की होगी और सरकार वाले तो संगठन वालों से क्या बात की होगी। करंट क्राइम ने जब यहां मुलाकात के इस पूरे रास्ते को टटोला तो पता चला कि भाजपा के प्रशिक्षण वर्ल्ड शिविर चल रहे हैं। उसी को लेकर चर्चा हुई। विभागों की चर्चा हुई, आईटी विभाग पर चर्चा हुई। बताते हैं कि बंगाल के विधानसभा चुनावों पर भी चर्चा हुई, लेकिन जो चर्चा हुई और आम नहीं हुई वो चर्चा भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष के नाम की चर्चा है। माना जा रहा है कि आज इस पर चर्चा होगी। कल ये नाम घोषित हो जाएगा। क्योंकि भाजपा की प्रदेश टीम घोषित होनी है। लिहाजा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम घोषित होगा। क्षेत्रीय टीम के नाम घोषित होंगे। इतना लंबा सफर साथ तय हुआ है तो बात ना हुई हो ऐसा हो नहीं सकता। बहराल ये एक घंटा 70 मिनट की कहानी अपने आप में बहुत कुछ कह रही है।

## गाजियाबाद में हीटवेव का खतरा 22 मई तक लू को लेकर अलर्ट




गाजियाबाद, करंट क्राइम। जनपद में बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने हीटवेव को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार 19 से 22 मई तक तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे लू जैसी परिस्थितियां बन सकती हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि तेज गर्मी और उमस के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, कमजोरी और ऐंठन जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और मजदूरों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों से अपील की गई है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पीते रहें और बाहर जाते समय सिर ढककर रखें। साथ ही ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने कहा है कि कमजोरी, चक्कर या तबीयत खराब महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही लोगों से गर्मी को हल्के में न लेने और सतर्क रहने की अपील की गई है।

## उत्तर प्रदेश को चार राज्यों में बांटना जरूरी तभी होगा समग्र विकास : डॉ. अरविंद राजभर

### सुभासपा की गाजियाबाद बैठक में 33% महिला आरक्षण शिक्षा सुधार और सामाजिक समरसता रैली पर जोर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शौर्य पुरम स्थित जिन्दल पब्लिक स्कूल में आयोजित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को चार राज्यों में विभाजित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड, पूर्वांचल, मध्यांचल और पश्चिमांचल के गठन से प्रदेश का संतुलित विकास संभव होगा और हर क्षेत्र को उसकी आवश्यकतानुसार संसाधन एवं योजनाएं मिल सकेंगी।





उन्होंने कहा कि अत्यधिक विशाल आबादी और भौगोलिक विस्तार के कारण उत्तर प्रदेश का समान रूप से विकास नहीं हो पा रहा है। छोटे राज्यों के गठन से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और जनता तक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंचेगा। डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पक्षधर है। पार्टी लगातार 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की मांग उठाती रही है। उन्होंने लड़कियों की शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे मजबूत माध्यम बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में 57 हजार स्वास्थ्य केंद्र खोलने की दिशा में कार्य चल रहा है, जिससे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

### बंगाल चुनाव से एनडीए हुआ मजबूत : डा. अरविंदर



करंट क्राइम : पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. राजभर ने कहा कि एनडीए पहले से अधिक मजबूत होकर उभरा है जबकि विपक्ष पूरी तरह मौन दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो विपक्ष चुनाव के दौरान संविधान बचाने की बातें करता था, वही पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी करता दिखाई दिया। बैठक में 2 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली सामाजिक समरसता रैली की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. राजभर ने कहा कि यह रैली सामाजिक न्याय और संगठन की ताकत का बड़ा संदेश देगी। इसके लिए गांव-गांव चौपाल, वाल पेंटिंग और जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### दिल्ली का कार्यक्रम रहेगा ऐतिहासिक : राम अवतार जिंदल



करंट क्राइम : व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार जिन्दल ने कहा कि 2 जून का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें प्रदेश भर से बड़ी संख्या में लोग भाग लेने पहुंचेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री की ईंधन बचत अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकांश कार्यकर्ता रेल एवं सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से दिल्ली पहुंचेंगे, ताकि ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा सके। बैठक में शक्ति सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, दयाराम भार्गव राष्ट्रीय प्रवक्ता, रितेश राम प्रदेश अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ, रो. संजय अग्रवाल पश्चिम उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी, सतीश अग्रवाल, पंकज सिंह जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर, सुरजीत बंजारा, सत्येंद्र, दीपक चौहान, गुरसीन अली, वली चौधरी, राजू पंडित, राजवीर सिंह, डॉ. ब्रजवीर, अशोक राठौर, सुमन पुनिया और विनय भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खुले आसमान के नीचे 44 डिग्री में तपती सड़कों पर डटे ट्रैफिक पुलिसकर्मी

### दोपहर 12 से 4 बजे तक संभाल रहे ट्रैफिक व्यवस्था



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ट्रैफिक पुलिसकर्मी तपती सड़कों पर अपनी जिम्मेदारी निभाने में जुटे हुए हैं। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 10 बजे के बाद ही पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया और दोपहर होते-होते गर्म हवाओं व तेज धूप ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया। ऐसे हालात में भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर ड्यूटी करते नजर आए। दैनिक करंट क्राइम टीम ने हापुड़ चुंगी चौराहा, राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा कट, चौधरी मोड़ समेत कई प्रमुख ट्रैफिक प्वाइंट का जायजा लिया, जहां झुलसा देने वाली धूप और लू के थपेड़ों के बीच ट्रैफिक पुलिसकर्मी लगातार वाहनों का संचालन कर रहे थे। कई पुलिसकर्मी सिर पर कपड़ा बांधकर और चेहरे को ढककर ड्यूटी करते दिखाई दिए।

### हीट के आगे फेल हो रहे बैटरी संचालित हेलमेट



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को धूप और प्रदूषण से बचाव के लिए एयर कूलिंग हेलमेट और बैटरी संचालित उपकरण उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन भीषण गर्मी के चलते अब ये सिस्टम भी जवाब देने लगे हैं। ट्रैफिक कर्मियों के अनुसार तेज तापमान के कारण हेलमेट की बैटरी अधिक गर्म होकर जल्दी डिस्चार्ज हो रही है, जिससे उपकरण प्रभावी तरीके से काम नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों को सीधे तेज धूप में ड्यूटी करनी पड़ रही है।

### ठंडा पानी और गीले रुमाल का सहारा

करंट क्राइम : ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों के मुताबिक दिन में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी इन दिनों गीले रुमाल और ठंडे पानी का सहारा ले रहे हैं। कई जवान लगातार पानी पीकर खुद को डिहाइड्रेशन और लू से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा भी पुलिसकर्मियों को स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं।


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 20 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Bjp Pooja Bansal
19m

हमारी प्यारी गुड़िया Aanchal Pandey को जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं ढेरों आशीर्वाद।

Sheetal Pandey



# भाजपा के वर्ग प्रशिक्षण अभियान की बैठक में आ सकते हैं प्रदेश अध्यक्ष

**खास बात ये है कि प्रशिक्षण वर्ग अभियान के डेस्टिनेशन की लोकेशन चेंज हो गयी है। वर्ग प्रशिक्षण शिविर अब मुरादनगर के आईटीएस कॉलेज में होगा। प्रशिक्षण शिविर 23 और 24 मई को आयोजित होगा।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा वर्ग प्रशिक्षण अभियान चला रही है। इसे पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष प्रशिक्षण 2026 का नाम दिया गया है। खास बात ये है कि प्रशिक्षण वर्ग अभियान के डेस्टिनेशन की लोकेशन चेंज हो गयी है। वर्ग प्रशिक्षण शिविर अब मुरादनगर के आईटीएस कॉलेज में होगा। प्रशिक्षण शिविर 23 और 24 मई को आयोजित होगा। प्रशिक्षण शिविर में सभी को रात्रि प्रवास करना अनिवार्य है। शिविर में 15 सत्र होंगे और प्रत्येक सत्र में वक्ता संगठन की नीतियों को बतायेंगे, सरकार की उपलब्धियों को बतायें। प्रशिक्षण वर्ग शिविर में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का टीम वर्क और तैयार की गयी उनकी थीम दिखाई देगी। सूत्र बताते हैं कि आईटीएस कॉलेज में होने वाले वर्ग प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में यहां आ सकते हैं। जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर सभी को अलग अलग काम सौंप दिये गये हैं।



किसी को आवास व्यवस्थाप्रमुख बनाया गया है तो किसी को प्रदर्शनी प्रमुख बनाया गया है। प्रशिक्षण व्यवस्था से लेकर तकनीकी कार्य के भी प्रमुख बनाये गये हैं। यहां पर पूरी व्यवस्था भाजपा संगठन की होगी। पार्किंग व्यवस्था प्रमुख से लेकर अतिथि प्रमुख, सुरक्षा प्रमुख बनाये गये हैं। मोबाईल पार्किंग के भी प्रमुख का पद सर्जित किया गया है। आर्थिक सहयोग से लेकर भोजन के भी प्रमुख और सहप्रमुख बनाये गये हैं।

# लेखपाल मुख्य परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट 26 केंद्रों पर रहेगी कड़ी निगरानी

## एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने के दिए सख्त निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक में परीक्षा व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नगर) विकास कश्यप ने की। जनपद में लेखपाल मुख्य परीक्षा का आयोजन 21 मई 2026 को एक पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 11 से 12 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।



बैठक में एडीएम सिटी विकास कश्यप ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त 26 सेन्ट्रल सुपरिटेंडेंट भी नियुक्त किए गए हैं। बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को परीक्षा संचालन से संबंधित निर्देशिका पुस्तिका एवं आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए।

# हुई लूट और चौकी गई छूट

## गोविंदपुरम प्रभारी राहुल राठी को डीसीपी ने किया सस्पेंड

**कार्रवाई**

**विजयनगर थाने के दो पुलिसकर्मी भी लाइन हाजिर**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लापरवाही और शिकायतों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गोविंदपुरम चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है।




पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल के अनुसार नगर जोन की गोविंदपुरम चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक राहुल राठी के खिलाफ उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद समयबद्ध कार्रवाई न करने और वरिष्ठ अधिकारियों के निदेशों की अनदेखी करने का मामला सामने आया था, वहीं एक लूट भी हुई थी। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए चौकी प्रभारी राहुल राठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

वहीं विजयनगर थाने में भी कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक सोम शर्मा और मुख्य आरक्षी गजेंद्र सिंह को जनसुनवाई से जुड़े प्रकरण में शिकायतकर्ता की सुनवाई समय पर न करने और सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। सीपी जे रविंदर गौड ने साफ कहा है कि पुलिस कमिश्नरेट में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनता की शिकायतों पर तय समय में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पुलिस व्यवस्था पर लोगों का भरोसा बना रहे। लगातार हो रही विभागीय कार्रवाइयों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि कमिश्नरेट में अब लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई का दौर जारी रहेगा।

# जब चौकी इंचार्ज पर भड़क गए विधायक फोन मिलाकर कर दी तुरंत एसीपी से शिकायत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार किसी भी दल की हो, सरकारी मशीनरी से तकरार वाले सुर हमेशा सरकार वाले दल के लोगों के होते हैं। इसकी वजह ये भी है कि सरकार वाले दल से जुड़े कार्यकर्ता कों को ये उम्मीद होती है कि उनकी सरकार है तो उनकी बात सरकारी महकमें के लोग ध्यान से सुनेंगे। कार्यकताओं को अपने विधायकों से, सांसदों से, मंत्रियों से उम्मीदें होती हैं। जनप्रतिनिधि हमेशा इन उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करते हैं, लेकिन अगर कोई किसी मामले में दाएं-बाएं करता है तो फिर जनप्रतिनिधि खरी-खरी सुनाने की क्षमता भी रखते हैं।




दो मामले भाजपा में एक समय पर हुए। खोड़ा में हुए एक मामले में भाजपा के महानगर अध्यक्ष के बोल काफी आक्रोश से भरे रहे। इसके बाद मीटिंग में भी अध्यक्ष ने अनुशासन का संदेश दिया। वहीं बताते हैं कि एक विवाद में लाइनपार से भी मामला सामने आया। भाजपा कार्यकर्ता का विवाद हो गया था और विवाद पुलिस चौकी तक पहुंच गया। चौकी इंचार्ज का झुकाव दूसरे पक्ष की तरफ है, ऐसा कुछ महसूस कार्यकर्ता को हुआ। कार्यकर्ता ने तुरंत विधायक को फोन मिला दिया। कार्यकर्ता ने पूरा मामला बताया और ये भी बताया कि क्या-क्या हुआ है। विधायक संजीव शर्मा का ये अंदाज है कि वो ऐसे मामलों में तुरंत अपनी जेब से फोन निकालते हैं और अधिकारी को मिला देते हैं। यहां मामला दरोगा का था और जब कार्यकर्ता ने अपना कष्ट बताया तो विधायक संजीव शर्मा ने तुरंत चौकी इंचार्ज को फोन मिलाया। शुरूआती दौर में विधायक का लहजा भी कूल था। उन्होंने बात रखी, लेकिन यहां पर चौकी इंचार्ज ने विधायक को रूल पढ़ाने शुरू कर दिये। लहजा बदला होगा, भाषा बदली होगी जो कुछ भी हुआ अचानक से विधायक का लहजा भी फिर कूल से बबूल हो गया। उन्होंने कहा कि हम अपने कार्यकर्ता के लिये ये बात कह रहे हैं और स्पष्ट कर दिया कि मेरी विधानसभा में किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न नहीं हो सकता है। विधायक ने अपनी भाषा में पूरी बात समझा दी। विधायक का ये जज्बा देखकर देवतुल्य कार्यकर्ता गदगद था। इस लहजे को देखकर आसपास खड़े कार्यकर्ता खुश थे।

वो कार्यकर्ता खुश था जो कुछ समय पहले परेशान दिख रहा था। विधायक अपने कार्यकर्ता के सम्मान की रक्षा में मैदान में थे और बात यहीं नहीं थमी इसके बाद विधायक ने फोन मिलाकर फिर चौकी इंचार्ज की पूरी बात एसीपी को बताई और ये भी बता दिया कि दरोगा जी को स्पष्ट कर दो कि कार्यकर्ता का उत्पीड़न नहीं होना है और इस बात को समझ लें कि अगर विधायक जी का फोन है तो टोन ठीक रखे।

# आज सांसद अतुल गर्ग करेंगे होनहार छात्राओं को टेबलेट वितरित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली होनहार छात्राओं के लिए बुधवार को प्रातः 10:30 बजे सफायर ब्लू, पिलखुवा में टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग उपस्थित रहेंगे और छात्राओं को टेबलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे।

नगर पालिका परिषद पिलखुवा के अध्यक्ष विभू बंसल ने क्षेत्रवासियों एवं गणमान्य लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर छात्राओं का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का कार्य करेगी।




**प्रातः 10:30 बजे सफायर ब्लू, पिलखुवा में टेबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा**

# दिखा रहे थे भाजपा के संत नेता रात को तैश, सुबह बोले- मेरी आईडी हो गई थी हैक




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोशल मीडिया इन दिनों अभिव्यक्ति का माध्यम बनने से ज्यादा भड़ास निकालने का हथियार भी बन गया है। कई बार कई मामलों में बहुत से लोग अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हैं। कई बार सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों के समर्थक भिड़ जाते हैं।

एक ऐसा ही मामला आया जहां भाजपा के नेता किसी बात पर असंतुष्ट थे, वो लगातार अपनी बात कह रहे थे। भाजपा के दूसरे नेता उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश में लगे हुए थे। भाजपा के ये नेता अशोक संत हैं। एक्टिव नेता हैं, मुद्दों को उठाते हैं, क्रांतिकारी अंदाज है और उनकी किसी बात पर महानगर अध्यक्ष से हुई नाराजगी रही होगी। नाराजगी से वो इतना रोस्ट हुए और उन्होंने अध्यक्ष के खिलाफ फेसबुक पर पोस्ट डाली। इस पोस्ट की उम्मीद उनसे नहीं थी, क्योंकि अशोक संत हमेशा से मयंक गोयल के पक्ष में कई बार लिख चुके हैं, वो अध्यक्ष की कार्यशैली से खुश हैं।




लिहाजा सब हैरान थे कि महानगर अध्यक्ष ने आखिर किस दलित नेता का अपमान कर दिया। किसे मिलने का समय नहीं दिया और आखिर क्या वजह हो गई जो संत की फेसबुक से लगातार कमेंट हो रहे हैं। इधर कमेंट हो रहे थे और उधर अध्यक्ष के समर्थन में भी नेता आ गए। महामंत्री प्रदीप चौहान ने लिखा कि कुछ दिन पहले ही तुमने महानगर अध्यक्ष की प्रशंसा की है और अब ये क्या लिख रहे हो। यहां पर हिमांशु स्वामी ने भी अध्यक्ष का बचाव किया और लिखा कि ऐसा क्यों लिख रहे हो। तरुण अरोड़ा ने भी ये जानना चाहा कि क्या बात हो गई। लेकिन जब सुबह हुई तो सीन ह्यरात गई बात गई ह्नवाला हो गया। सब जानना चाह रहे थे कि क्या हुआ, क्योंकि अशोक संत ने प्रेसकांफ्रेंस करने की बात कही थी। लगातार आरोपों के गोले छोड़े थे, लेकिन जब सुबह आई तो संत का नया ही रूप सामने आया। उन्होंने सात शब्दों में पूरी कहानी ही साफ कर दी। उन्होंने लिखा कि मेरी आईडी किसी ने हैक कर ली है। अब आईडी हैक हो गई तो कोई क्या करेगा। आईडी हैक वाला यूटर्न किसी की भी समझ से बाहर था। रात को टोन कुछ और थी और सुबह कहानी कुछ और हो गई। महानगर में चर्चा रही, भाजपा में इस कहानी की चर्चा रही और फिर आईडी हैक वाले मामले को लोगों ने काफी रोचक तरीके से लिया। जो महामंत्री प्रदीप चौहान रात में ये पूछ रहे थे कि अपनी पुरानी पोस्ट देख लो, तुम अध्यक्ष की प्रशंसाकरते हो और अब क्या हो गया। उन्हीं प्रदीप चौहान ने लिखा कि क्या गजब का यू-टर्न लिया है। इसी तरह अन्य लोगों ने भी कमेंट किये और फिर ये मान लिया गया कि जब वो कह रहे थे कि आईडी हैक हो गई तो हो ही गई होगी।

# नामित पार्षदों को समझना होगा अपना दायरा पूरे शहर के विकास की है उनकी जिम्मेदारी

**कार्यभार**

**10 नामित पार्षदों की घोषणा के बाद अब सभी ने शपथ लेकर अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम में हाल ही में 10 नामित पार्षदों की घोषणा के बाद अब सभी ने शपथ लेकर अपनी औपचारिक जिम्मेदारी संभाल ली है। नगर निगम की राजनीति और व्यवस्थाओं में इन नामित पार्षदों की एंट्री को लेकर चर्चाएं तेज हैं। हालांकि शपथ ग्रहण के बाद से ही कुछ नामित पार्षदों की कार्यशैली और सोच को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। चर्चा यह है कि कई नामित पार्षद खुद को केवल उस क्षेत्र तक सीमित मान रहे हैं जहां वह निवास करते हैं, जबकि नगर निगम व्यवस्था में नामित पार्षद का दायरा किसी एक वार्ड तक सीमित नहीं होता।

नगर निगम के जानकारों और वरिष्ठ पार्षदों का साफ कहना है कि नामित पार्षदों को यह समझना होगा कि उनका दायित्व पूरे शहर के प्रति है, न कि केवल अपने मोहल्ले या आसपास के इलाके के लिए। नामित पार्षद किसी एक वार्ड के निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं होते, बल्कि उन्हें नगर निगम की व्यापक योजनाओं, विकास कार्यों और शहर हित से जुड़े मुद्दों पर काम करने के लिए जिम्मेदारी दी जाती है।

सूत्रों के अनुसार हाल ही में एक वरिष्ठ और पूर्व पार्षद ने कुछ नामित पार्षदों को स्पष्ट रूप से यह समझाने का प्रयास किया कि जिस क्षेत्र में वह रहते हैं, वह उनका व्यक्तिगत क्षेत्र नहीं है। नामित पार्षद पूरे शहर के प्रतिनिधि की भूमिका में होते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी सोच को वार्ड आधारित राजनीति से ऊपर उठाकर शहर के समग्र विकास की दिशा में काम करना होगा। शहर में इस समय जलभराव, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पार्कों की दुर्दशा, अवैध कब्जे, ट्रैफिक दबाव, जल संकट और बढ़ते प्रदूषण जैसे कई बड़े मुद्दे मौजूद हैं।

ऐसे में नामित पार्षदों से उम्मीद की जा रही है कि वह राजनीतिक पहचान बनाने की बजाय जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे और नगर निगम प्रशासन व निर्वाचित पार्षदों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर काम करेंगे। हालांकि यह भी देखने वाली बात होगी कि आने वाले समय में इन नामित पार्षदों की कार्यशैली कैसी रहती है। क्या वह वास्तव में पूरे शहर के हित में कार्य करते दिखाई देंगे या फिर केवल अपने प्रभाव क्षेत्र तक सीमित रहेंगे। फिलहाल नगर निगम के गलियारों में यही चर्चा है कि नामित पार्षदों को अपनी मानसिकता बदलकर ह्लमेरा क्षेत्रह्व की सोच से बाहर आना होगा, तभी उनकी भूमिका सार्थक साबित होगी और शहर को उसका वास्तविक लाभ मिल पाएगा।

### नामित पार्षदों की क्या होती है भूमिका

करंट क्राइम : नगर निगम के जानकार बताते हैं कि नामित पार्षद किसी एक वार्ड तक सीमित नहीं होते। उन्हें पूरे नगर निगम क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर कार्य करना होता है। साथ ही नगर निगम की समितियों, योजनाओं और नीतिगत फैसलों में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वहीं शहर की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और समाधान कराने की जिम्मेदारी भी होती है। सामाजिक और प्रशासनिक अनुभव का लाभ शहर के विकास में देना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी मानी जाती है।

### इन मुद्दों पर दिखानी होगी सक्रियता

करंट क्राइम : नामित पार्षदों के लिए कहा जा रहा है कि जलभराव और टूटी सड़कों की समस्या, सफाई व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण, तो वहीं स्ट्रीट लाइट और पार्कों का रखरखाव भी ध्यान रखाना होगा। वहीं अवैध कब्जों और अतिक्रमण पर कार्रवाई के साथ ट्रैफिक व्यवस्था और जाम की समस्या। इस दौरान पेयजल संकट और सीवर व्यवस्था के साथ ही शहर में हरित क्षेत्र और प्रदूषण नियंत्रण पर कार्य रहेगा।

# दो माह तक पुलिस कमिश्नरेट में लागू रहेगी धारा 163

## ड्रोन उड़ाने और भड़काऊ पोस्ट पर सख्ती






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डीआईजी राज करन नैय्यर ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। यह आदेश 19 मई से 17 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगा। आगामी त्योहारों, चुनाव, सांप्रदायिक कार्यक्रमों, राजनीतिक आयोजनों और अन्य सार्वजनिक गतिविधियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर द्वारा जारी आदेश के अनुसार बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने, ड्रोन शूटिंग तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध रिकॉर्डिंग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा सड़क, चौराहे अथवा सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित करने वाली गतिविधियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की बात कही है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी धर्म, जाति या समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट, भड़काऊ नारे, पंपलेट, प्रचार सामग्री अथवा राजनीतिक टिप्पणियां प्रसारित करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही पेट्रोल, डीजल व अन्य ज्वलनशील पदार्थों की अतिरिक्त मात्रा बोतल या कंटेनर में खरीदने और जमा करने पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उपद्रव या कानून हाथ में लेने की घटना को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल सीपी ने आम नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी से व्यवहार करने की अपील की है।

## संपादकीय

# पेपर लीक से भविष्य संकट

अगर खुद एनटीए की ओर से इतनी अहम जिम्मेदारी संभालने वाला कोई शख्स ही प्रश्नपत्र लीक करने का आरोपी हो, तो ऐसे में किसी संस्था की साख की क्या अहमियत रह जाती है? इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि लाखों विद्यार्थी एक भरोसे के साथ जिस परीक्षा में अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए बैठें, वह सिर्फ उनके हित में साबित हो, जिनकी पहुंच उसके प्रश्नपत्र तक हो। देश भर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट-यूजी को सबसे अच्छे प्रबंधन के तहत संचालित करने का दावा किया जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों में इसमें जिस स्तर की गड़बड़ियां सामने आई हैं, उसमें यह सवाल उठा है कि हर बार कार्रवाई के तौर पर कुछ औपचारिक और दिखावे के कदम उठा कर क्या परीक्षा के प्रश्नपत्र बाहर आने की घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है?

यह इस वर्ष फिर साबित हुआ है कि पहले की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया गया और ऐसे जरूरी कदम नहीं उठाए गए, जिससे इस परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित हो। नतीजतन, इस महीने के शुरू में आयोजित नीट के प्रश्नपत्र लीक होने की खबर आई। फिर मामले के तूल पकड़ने के बाद परीक्षा को रद्द कर देना ही सबसे आखिरी उपाय माना गया, जिसकी वजह से करीब बाईस लाख विद्यार्थियों का भविष्य फिलहाल अधर में लटक गया। प्रश्नपत्र लीक होने के तथ्य सामने आने, उसके राजस्थान के कई कोचिंग संस्थानों में पहुंचने और मोटी रकम लेकर विद्यार्थियों को बेचने की खबरों के बाद सरकार ने मामले की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी सीबीआइ को सौंपी। उसके बाद से अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिसमें नीट परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी एनटीए की एक विशेषज्ञ भी शामिल हैं। गौरतलब है कि इस तरह की गड़बड़ियों पर काबू पाने के लिए राधाकृष्णन समिति ने अपनी रिपोर्ट में एनटीए में ढांचागत सुधार की सिफारिश की थी। इसके अलावा, संसद में परीक्षाओं के संदर्भ में संगठित तौर पर पेपर लीक जैसी किसी गड़बड़ी के लिए दस वर्ष की कैद के प्रावधान वाला कानून पारित किया गया। साथ ही अन्य सभी कमियों को दुरुस्त करने के मद्देनजर कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई। इस सबके बावजूद अगर नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हो जाता है और यहां तक कि परीक्षा रद्द करने की नौबत आती है, तो यह किसकी नाकामी है? अब तक जो गिरफ्तारियां हुई हैं, क्या इस व्यापक गड़बड़ी का दायरा वैसे ही निचले स्तर के आरोपियों तक सिमटा हुआ है? ऐसा नहीं है कि नीट परीक्षा के आयोजन में यह कोई पहला मामला सामने आया है। इससे पहले भी कई बार अलग-अलग तरह की अनियमितताओं की खबरें आती रही हैं। सच यह है कि परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने के इस रोग को खत्म करने के लिए उच्च स्तर पर जवाबदेही तय करने की जरूरत है। वरना पारदर्शिता के अभाव में वैसे लाखों बच्चों का भविष्य बाधित होगा, जो अपनी मेहनत के बूते परीक्षा में बैठते हैं।

# ब्रिटेन-डेनमार्क का भारत पर ग्रीन दांव

## 300 मिलियन डॉलर से शुरू हुआ नॉर्थ स्टार रिन्यूएबल प्लेटफॉर्म



**नई दिल्ली।** भारत में पर्यावरण अनुकूल और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटेन और डेनमार्क ने एक बड़ा वैश्विक गठबंधन किया है। ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई) और डेनमार्क के ग्लोबल फंड मैनेजर कोपेनहेगन इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स ने हाथ मिलाया है।

दोनों ने मिलकर 'नॉर्थ स्टार' नाम के एक रिन्यूएबल एनर्जी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। 300 मिलियन डॉलर यानी करीब 28.91 अरब के इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य भारत में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइब्रिड और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में निवेश करना है। दोनों संस्थान इस प्लेटफॉर्म में 150-150 मिलियन डॉलर का योगदान देंगे। इससे भारत में हरित परियोजनाओं के लिए जरूरी फंड की कमी को पूरा किया जा सकेगा। ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स की पहली बड़ी पहल यह रणनीतिक निवेश पिछले महीने बीआईआई की ओर से शुरू की गई 1.1 बिलियन पाउंड की ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स (बीसीपी) पहल का पहला हिस्सा है।

### हर साल कम होगा 40 लाख टन कार्बन उत्सर्जन

'नॉर्थ स्टार' प्लेटफॉर्म से भारत के पर्यावरण को बहुत बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। इस परियोजना के जरिए सालाना चार मिलियन मेगावाट-घंटे से अधिक स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही यह प्रोजेक्ट हर साल लगभग चार मिलियन टन (40 लाख टन) कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मददगार साबित होगा। सीआईपी के ग्रोथ मार्केट्स फंड्स के पार्टनर पीटर जेनिक सजोनटॉफ्ट ने भारत को वैश्विक स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी का सबसे महत्वपूर्ण बाजार बताया। उन्होंने कहा कि बीआईआई के साथ इस साझेदारी से वे भारत में अपने मौजूदा निवेश को और आगे बढ़ाएंगे। यह तालमेल स्थानीय अंतर्दृष्टि और वैश्विक निवेश विशेषज्ञता को एक साथ लाएगा।

# मेटा में बड़े बदलाव की तैयारी: 10% कर्मचारियों की छंटनी की योजना

## 7000 कर्मियों को एआई विभाग में करेगा शिफ्ट




**नई दिल्ली।** मेटा ने कर्मचारियों के साथ साझा किए गए एक मेमो में इस सप्ताह की छंटनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही मेटा ने 7000 हजार लोगों को एआई विभाग में भेजना की योजना तैयार की है। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने इस सप्ताह होने वाली अपनी छंटनी योजना का विवरण साझा किया है।

कंपनी ने कर्मचारियों को भेजे एक ज्ञापन में बताया कि वैश्विक कार्यबल में कटौती के साथ संगठनात्मक बदलाव भी किए जाएंगे। इन बदलावों का मुख्य उद्देश्य कंपनी के एआई वर्कफ्लो में सुधार लाना है।

### एआई बदलावों से पुर्नगठन को बढ़ावा

ये बदलाव मेटा की इस साल की व्यापक पुनर्गठन योजना का हिस्सा हैं। कंपनी एआई में निवेश बढ़ा रही है, ताकि एआई एजेंट्स को अपने उत्पादों के साथ-साथ आंतरिक कार्यप्रणाली के केंद्र में भी लाया जा सके।

### कुल 20% कर्मचारियों पर पड़ेगा असर

रिपोर्ट के अनुसार, कर्मचारियों की छंटनी और ट्रांसफर मिलाकर मेटा के करीब 20 प्रतिशत वर्कफोर्स पर असर पड़ सकता है। कंपनी ने इस प्रक्रिया के तहत 6,000 ओपन जॉब रोल्स भी बंद कर दिए हैं। मार्च 2026 तक मेटा में करीब 77,986 कर्मचारी काम कर रहे थे।

### कर्मचारियों में बढ़ रहा विरोध

मेटा के अंदर इन बदलावों को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी भी बढ़ रही है। कई कर्मचारियों ने ऑफिस में पोस्टर लगाकर विरोध जताया है, जबकि कंपनी के इंटरनल प्लेटफॉर्म वर्कप्लेस पर भी कर्मचारियों ने खुलकर नाराजगी जाहिर की। रिपोर्ट के मुताबिक, 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कंपनी द्वारा माउस-ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करने का विरोध किया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि इस तकनीक के जरिए अकमॉडल को इंसानों के कंप्यूटर इस्तेमाल करने के तरीके सिखाए जा रहे हैं।

# सरकार ने अफवाहों का खंडन किया

## मंदिरों के सोने के मुद्रीकरण की कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंदिरों के पास रखे सोने के मुद्रीकरण की किसी भी योजना से इन्कार किया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को इन अफवाहों और अटकलों को पूरी तरह से गलत बताया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

वित्त मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि देश भर के मंदिर न्यासों या किसी भी धार्मिक संस्थान के पास रखे सोने के लिए मुद्रीकरण योजना शुरू करने की कोई योजना नहीं है।

ये अफवाहें पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार हैं। मंत्रालय ने उन दावों को भी खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि मंदिर के गुंबदों, दरवाजों या अन्य संरचनाओं पर लगी सोने की परतें 'भारत के रणनीतिक स्वर्ण भंडार' का हिस्सा मानी जाएंगी। इन दावों को भी गलत और निराधार बताया गया। सरकार ने नागरिकों से ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करने और उन्हें प्रसारित न करने का



आग्रह किया है। असत्यापित जानकारी फैलाने से अनावश्यक भ्रम पैदा होता है और जनता गुमराह हो सकती है।

### आधिकारिक संचार पर भरोसा करें

सरकार ने सभी नागरिकों से केवल अधिकृत माध्यमों से जारी आधिकारिक संचार पर ही भरोसा करने का आग्रह किया है। नीतिगत निर्णयों या सरकारी योजनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियों, सरकारी वेबसाइटों और सत्यापित सार्वजनिक संचार मंचों के माध्यम से साझा की जाएगी। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि जनता को सही और विश्वसनीय जानकारी मिले।

# नेपाल से शुल्क-मुक्त आयात के कारण वित्त वर्ष 2026 में भारत का खाद्य तेल आयात 3% बढ़ा



**नई दिल्ली।** सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का खाद्य तेल आयात 3 फीसदी बढ़कर 166.51 लाख टन हो गया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से नेपाल से शुल्क-मुक्त आयात में तेज उछाल के कारण हुई है। पिछले वित्त वर्ष में यह आयात 161.82 लाख टन था। दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) समझौते के तहत नेपाल को भारतीय बाजारों तक शून्य-शुल्क पहुंच प्राप्त है।

इस वर्ष नेपाल ने भारत को 7.36 लाख टन खाद्य तेल का निर्यात किया, जो पिछले वित्त वर्ष के 3.45 लाख टन से 113 फीसदी अधिक है। नेपाल के निर्यात में परिष्कृत सोयाबीन तेल की प्रमुख हिस्सेदारी थी, साथ ही सूरजमुखी तेल, आरबीडी पामोलिन और रेपसीड तेल भी शामिल थे। एसईए ने कहा कि नेपाल से परिष्कृत तेलों के शुल्क-मुक्त आयात में वृद्धि ने भारत के कुल खाद्य तेल आयात को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संगठन ने बताया कि साफ्टा व्यवस्था के बिना, बढ़ती घरेलू मांग के बावजूद कुल आयात पिछले वर्ष के स्तर से कम रह सकता था। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि और रुपये के कमजोर होने से आयात लागत भी बढ़ी है। भारत अभी भी विदेशी आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर है।

### घरेलू उत्पादन की चुनौतियां

एसईए के अनुसार, कम तिलहन उपज, खंडित भूमि जोत, सीमित सिंचाई और गेहूं तथा चावल की खेती की ओर नीतिगत झुकाव ने घरेलू उत्पादन वृद्धि को बाधित किया है। भारत अपनी कुल खाद्य तेल आवश्यकताओं का लगभग 40 फीसदी ही घरेलू स्तर पर पूरा कर पाता है। संगठन ने तिलहन उत्पादकता बढ़ाने और घरेलू मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। इससे दीर्घकालिक आयात निर्भरता को कम करने में मदद मिलेगी।

### खपत कम करने और आत्मनिर्भरता पर जोर

एसईए ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने उपभोक्ताओं से खाद्य तेल की खपत को संयमित करने का आग्रह किया था। संगठन ने कहा कि अत्यधिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ-साथ घरेलू उत्पादन बढ़ाने से आयात निर्भरता कम होगी। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव भी कम होगा। भारत को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का 70% उपयोग किए जाने वाले मसाले भारत में ही तैयार होते हैं।
- एक गधा रेत के दलदल में डूब सकता है परंतु एक खच्चर नहीं रुक सकता है।
- इंसानो की तरह तोते भी मोटापे की बीमारी का शिकार होते हैं।
- जब बच्चा पैदा होता है तो उस समय माँ को होने वाला दर्द एक साथ
- हड्डियां टूटने के बराबर होता है।
- कोई भी व्यक्ति अपनी सांस रोककर अपने आप को नहीं मार सकता।
- आपने प्लास्टिक सर्जरी सुनी होगी जी, हां इसका भी अविष्कार भारत में ही किया गया था।
- सन 1839 में दुनिया की पहली सेल्फी ली गई थी।
- दुनिया का सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वालों देशों में भारत प्रथम स्थान पर हैं।
- सबसे बड़ा हिमपात खंड बर्फ गिरते समय बर्फ का टुकड़ा 15 इंच चौड़ा और 8 इंच मोटा हो सकता है।
- विश्व के सिर्फ 11 प्रतिशत लोग ही बाएं हाथ का इस्तेमाल करते है।

# एक हफ्ते में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

## प्रति लीटर करीब 90 पैसे की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ा इजाफा कर दिया गया है। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि मात्र एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी बार है जब ईंधन के दाम इस तरह से बढ़ाए गए हैं। इस नई बढ़ोतरी से ठीक तीन दिन पहले, शुक्रवार को ही केंद्र सरकार ने देशभर में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर का भारी इजाफा किया था। उस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये हो गया था। अब मंगलवार को फिर से दाम बढ़ने के बाद राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे और महंगा होकर 98.64 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, दिल्ली में डीजल 91 पैसे महंगा होकर 91.58 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है।

## राशिफल

**मेष:** आज आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी आपकी हर बात को समझने की कोशिश करेंगे।

**वृष:** रोजमर्रा के कार्यों से आपको फायदा होगा। आज आप कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे। आज आपको कई नए काम करने के मौके मिलेंगे।

**मिथुन:** आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना बन रही है। सबके साथ मिल कर किये गए कामों से आपको सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आप कोई नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं, लेकिन सीनियर्स मी मदद से कार्यों को आसानी से पूरा भी कर लेंगे।

**सिंह:** छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**कन्या:** नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**तुला:** आज आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे होंगे, लेकिन जरूरत से ओवरकॉन्फिडेंस करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। आपके परिवार में सुख-सौभाग्य बना रहेगा।

**धनु:** दोस्तों के साथ दोस्ती और मजबूत होगी। कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। आज आपको ऑफिस में अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा।

**मकर:** कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। आज आपको किसी भी मामले को बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए।

**कुंभ:** आपकी कई योजनाएं समय से पूरी होंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन:** फिलॉसफी के स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको अपने कार्यों को पूरा करने में पुरानी कंपनी का अनुभव आपको काम आएगा।

## चुटकुले

पत्नी- क्या तुम मुझसे प्यार करते हो...?
पति- हां...!
पत्नी- लेकिन तुम्हें तो मेरी कोई परवाह ही नहीं है...!
पति- प्यार करने वाले किसी की परवाह नहीं करते...!

संता को मच्छर ने काट लिया
संता भी मच्छर को मारने के लिए
रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई,
लेकिन संता मच्छर को नहीं मार पाया।
तभी संता बोला
-चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ?
साले को रातभर मैंने सोने भी नहीं दिया !

संता- भीगा सा लगता है आलम मुझे,
भीगी सी लगती है सुबह मुझे,
भीगा लग रहा है सारा जहां मुझे!!
बंता- उठ साले, बिस्तर पर सु-सु कर दिया है तूने।


## करंट क्राइम — 20 05 2026

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन



अंजुम चौपड़ा
भारतीय महिला क्रिकेटर




गौरव चोपड़ा
(महामंत्री भाजपा)



प्रनीका | आरवी | शिवांश निगम बंकू | अंजू गौड़ | राखी त्यागी




पंचम चौधरी | अखिलेश उपाध्याय | दिनेश सैनी | मेहराम चंदेला | मोहित कुमार



राहुल सौलंकी | राजकुमार सिंह | रवि वर्मा | विशेष त्यागी | एड. गौरव शर्मा | विश्वदीप त्यागी



अनुज कुमार गर्ग | प्रवेश गुप्ता | रिजवान खान | रवि अग्रवाल | प्रेम गुप्ता | प्रमोद गुप्ता



रमेश कुमार | उदय यादव | भव्य अग्रवाल | धर्मेन्द्र चौधरी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# भावुक धोनी ने चेपॉक में रैना संग लिया लैप ऑफ ऑनर

## साक्षी भी दिखीं, कैमरामैन-मैदानकर्मियों के साथ खिंचवाई

**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने चेपॉक में सीजन के आखिरी मुकाबले के बाद भावुक 'लैप ऑफ ऑनर' लेकर फैंस का अभिवादन किया, जहां उनके साथ सुरेश रैना भी मौजूद रहे। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली।



चेन्नई के ऐतिहासिक एमए चिदंबरम स्टेडियम में सोमवार रात क्रिकेट और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुकाबले के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने मैदान का 'लैप ऑफ ऑनर' लेकर हजारों प्रशंसकों का अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ 'चिन्ना थाला' सुरेश रैना भी मौजूद रहे। वहीं, साक्षी भी दर्शक दीर्घा में मौजूद रहीं। यह चेन्नई सुपर किंग्स का इस सीजन में चेपॉक पर आखिरी मुकाबला था, इसलिए मैच खत्म होने के बाद स्टेडियम का माहौल बेहद भावुक हो गया। पीली जर्सी में सजे फैंस लगातार 'धोनी-धोनी' के नारों से पूरे मैदान को गूंजाते रहे।

### फैंस के बीच पहुंचे धोनी

मैच के बाद धोनी ने पूरे मैदान का चक्कर लगाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों के साथ ग्राउंड पर बैठकर तस्वीरें खिंचवाईं। इसके अलावा ग्राउंड स्टाफ और कैमरामैन के साथ भी खास पल साझा किए। धोनी और रैना को एक साथ मैदान पर देखकर फैंस पुराने सुनहरे दिनों की यादों में खो गए। चेपॉक में मौजूद दर्शकों ने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को सम्मान दिया।

### हैदराबाद ने दर्ज की शानदार जीत

मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने ईशान किशन की शानदार 70 रन की पारी के दम पर 19 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# ऋतुराज को हटाकर सैमसन को बनाया जाएगा CSK का कप्तान

## चर्चाओं के बीच कोच फ्लेमिंग का चौंकाने वाला बयान

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के खराब प्रदर्शन के बीच कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और बल्लेबाजी पर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच सीएसके के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि ऋतुराज को अपने खेल में सुधार करना होगा, लेकिन वह भविष्य में इस फ्रेंचाइजी के बेहतरीन कप्तान बन सकते हैं। फ्लेमिंग ने माना कि एमएस धोनी जैसे महान कप्तान के बाद टीम संभालना आसान नहीं है और इस बदलाव में समय लगेगा।



आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की हार ने उनका प्लेऑफ का रास्ता मुश्किल कर दिया है। इस सीजन टीम का प्रदर्शन उम्मीदें के मुताबिक नहीं रहा और ऐसे में ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी से हटाने की मांग भी हो रही है। फैंस चाहते हैं कि संजू सैमसन को कप्तानी सौंपी जाए।

हालांकि, कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ऋतुराज का समर्थन किया है। टीम की हार के बाद जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लेमिंग से ऋतुराज के प्रदर्शन को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कप्तान इस सीजन अपने पुराने स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में ऋतुराज गायकवाड़ 21 गेंदों में सिर्फ 15 रन बना सके और एक भी बाउंड्री नहीं लगा पाए।

फ्लेमिंग ने कहा, 'सबसे बड़ी समस्या पावरप्ले में विकेट गंवाना रही। ऋतुराज इससे बेहतर कर सकते हैं और पहले कर भी चुके हैं। वह टॉप ऑर्डर के शानदार बल्लेबाज रहे हैं, लेकिन इस सीजन उन्होंने अपने करियर के मुताबिक ना तो उतने रन बनाए और ना ही उस गति से रन बनाए हैं। हालांकि, फ्लेमिंग ने यह भी कहा कि टीम नए संयोजन तलाश रही है और उर्विल पटेल जैसे आक्रामक खिलाड़ियों के आने से बल्लेबाजी रणनीति में बदलाव हुआ है।

**'गलतियां हुईं, लेकिन टीम ने कुछ अच्छे फैसले भी लिए'**

सीएसके इस सीजन प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है, लेकिन फ्लेमिंग का मानना है कि टीम ने भविष्य के लिहाज से कई सकारात्मक कदम भी उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'इस साल टीम में काफी बदलाव हुए। हमने इस ग्रुप को समझने के लिए पर्दे के पीछे काफी मेहनत की है। हां, हमने कुछ गलतियां कीं और हम इसे स्वीकार करते हैं, लेकिन कई अच्छे फैसले भी लिए गए हैं।' कोच ने यह भी कहा कि दूसरे हाफ में टीम ने वापसी की कोशिश की और कई मुकाबलों में लड़ाई जारी रखी, लेकिन टीम जरूरी मौकों पर सटीक प्रदर्शन नहीं कर पाई।

**फ्लेमिंग बोले- 180 रन जीत के लिए काफी थे**

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले पर बात करते हुए फ्लेमिंग ने कहा कि चेन्नई का 180 रन का स्कोर चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'पिच धीमी थी और गेंद रुककर आ रही थी। ऐसे विकेट पर 180 रन काफी प्रतिस्पर्धी स्कोर था।'

### संजू सैमसन की चर्चा के बीच कप्तानी पर बड़ा संकेत

आईपीएल 2026 में संजू सैमसन की तेज बल्लेबाजी और लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेज हो गई थी कि क्या सीएसके को भविष्य में नए कप्तान की तलाश करनी चाहिए। लेकिन फ्लेमिंग ने ऋतुराज के समर्थन में खुलकर बयान दिया। उन्होंने कहा, 'एमएस धोनी जैसे महान कप्तान के बाद किसी नए खिलाड़ी के लिए टीम संभालना बहुत बड़ा बदलाव है। इसमें समय लगेगा। लेकिन ऋतुराज अच्छा काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों के बीच उन्हें काफी सम्मान मिलता है और वह लगातार सीख रहे हैं।' फ्लेमिंग ने आगे कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में वह इस फ्रेंचाइजी के शानदार कप्तान साबित होंगे।'

# अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। पुरुष चयन समिति की बैठक के बाद टीम की घोषणा की गई।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। पुरुष चयन समिति की मंगलवार को गुवाहाटी में बैठक हुई जिसके बाद टीम की घोषणा की गई। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली भी खेलेंगे। दोनों देशों के बीच यह सीरीज आईपीएल 2026 के खत्म होने के बाद खेली जाएगी। अगले साल वनडे विश्व कप होना है, इसलिए इसकी तैयारी के लिहाज से यह सीरीज अहम होगी।

सीरीज का कार्यक्रम

भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज 14 जून से धर्मशाला में होने वाले पहले मैच से शुरू होगी।



इसके बाद अगले दो मैच लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को खेले जाएंगे। वनडे सीरीज से पहले छह जून से मुल्लांपुर में एकमात्र टेस्ट मैच भी खेला जाएगा।

**प्रिंस-गुरनूर को पहली बार मिली जगह:** प्रिंस यादव और गुरनूर बराड़ को पहली बार भारतीय वनडे टीम में जगह मिली है। वहीं, हार्दिक पांड्या की वनडे टीम में वापसी हुई है। हालांकि, उनका इस सीरीज में खेलना फिटनेस पर निर्भर करता है। वहीं, रोहित शर्मा भी टीम में शामिल हैं, लेकिन वह सीरीज में खेलेंगे या नहीं यह उनके फिटनेस पर निर्भर करता है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि रोहित और हार्दिक दोनों वनडे टीम में हैं, लेकिन इनका खेलना फिटनेस मंजूरी पर निर्भर करेगा। उम्मीद के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है, जबकि वह टेस्ट टीम का भी हिस्सा नहीं हैं।

**जडेजा को नहीं मिला मौका**

दिलचस्प बात यह है कि भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को वनडे टीम में जगह नहीं मिली है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने बताया कि जडेजा को बाहर नहीं किया गया है, बल्कि उन्हें आराम मिला है।

### फिर दिखेगा किंग कोहली का जलवा

विराट कोहली के फैंस के लिए राहत की बात यह है कि इस स्टार बल्लेबाज को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए मौका मिला है। कोहली फिलहाल आईपीएल 2026 में हिस्सा ले रहे हैं और शानदार फॉर्म में हैं। कोहली जिस तरह लय में दिख रहे हैं उससे उम्मीद है कि उनका बल्ला अफगानिस्तान के खिलाफ भी गरजता हुआ नजर आएगा। अगर रोहित भी फिट रहे तो रोहित-कोहली की जोड़ी घरेलू मैदान पर एक बार फिर साथ खेलती नजर आएगी।

**अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमः**

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे।

## टेनिस कोर्ट के इतर बिली जीन किंग की उपलब्धि

# पढ़ाई शुरू करने के 65 साल बाद डिग्री हासिल की

**लॉस एंजिलिस।** टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी बिली जीन किंग ने पढ़ाई शुरू करने के 65 साल बाद अपनी कॉलेज डिग्री पूरी कर ली। यह उपलब्धि उनके लंबे संघर्ष, सीखने की इच्छा और जीवनभर शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाती है। खेल जगत की इस महान हस्ती की कहानी अब लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन गई है।



बिली जीन किंग ने जश्न मनाते हुए खुशी में अपना दाहिना हाथ उठाया लेकिन यह टेनिस कोर्ट पर एक और जीत की खुशी नहीं थी। इस बार वह अपनी पढ़ाई शुरू करने के 65 साल बाद कॉलेज की डिग्री हासिल करने का जश्न मना रही थीं।

इस 82 वर्षीय दिग्गज ने सोमवार को एक समारोह में कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिलिस से इतिहास में कला स्नातक की उपाधि हासिल की। बिली जीन ने बाद में कहा, 'किसी भी काम को पूरा करने के लिए देर कभी नहीं होती फिर चाहे आपकी उम्र जो भी हो, चाहे आपकी क्षमता जो भी हो, अगर आप कुछ चाहते हैं तो उसके लिए प्रयास करें।'

उन्होंने कहा, 'मैंने जितना सोचा था यह मेरे लिए उससे कई अधिक मायने रखता है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं डिग्री हासिल करने में सफल रही।' किंग ने दो साल पहले घोषणा की थी कि वह उसी कॉलेज में अपनी डिग्री पूरी करेंगी, जहां शारीरिक शिक्षा भवन के बाहर उनकी कांस्य प्रतिमा लगाई गई है।

## एक स्थान...पांच टीमों के बीच जंग! किसका सपना होगा पूरा, कौन होगा बाहर?

**मुंबई।** आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, जबकि मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। अब चौथी और आखिरी प्लेऑफ सीट के लिए पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच कांटे की टक्कर है। हर टीम के लिए समीकरण अलग हैं और नेट रन रेट भी बड़ा रोल निभा सकता है।

आईपीएल 2026 अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। धर्मशाला में पंजाब किंग्स को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। इसके अगले ही दिन सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) और गुजरात टाइटंस (GT) ने भी अपनी जगह पक्की कर ली।

# ढाई साल बाद ब्राजील की टीम में नेमार की वापसी

## विश्वकप 2026 के लिए एंसेलोटी ने खेला बड़ा दांव

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार की आखिरकार फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी हो गई है। लगभग ढाई साल बाद नेमार को ब्राजील स्क्वॉड में शामिल किया गया। कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा कि नेमार सिर्फ बैकअप खिलाड़ी नहीं, बल्कि टीम के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं। चोटों से जूझने के बाद सैंटोस के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले नेमार अब ब्राजील के वर्ल्ड कप अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे।

ब्राजील फुटबॉल टीम ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपने स्क्वॉड का एलान कर दिया है, जिसमें सबसे बड़ी खबर स्टार फॉरवर्ड नेमार की वापसी रही। 34 वर्षीय नेमार लगभग ढाई साल बाद राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। उनका आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर था, जहां उन्हें एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (अउछ) में गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद नेमार लंबे समय तक चोटों से जूझते रहे, लेकिन अपने



बचपन के क्लब सैंटोस में वापसी के बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। पिछले साल जनवरी से अब तक नेमार ने 38 मुकाबलों में 17 गोल दागे हैं, जिसने चयनकताओं का भरोसा फिर से जीत लिया। यह फुटबॉलर अपना चौथा विश्व कप खेलेगा। ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेमार के चयन पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमने नेमार को सिर्फ बैकअप के तौर पर नहीं चुना है। वह अपनी खूबियों से टीम में नई ऊर्जा भर सकते हैं। चाहे वह एक मिनट खेलें या पूरे 90 मिनट, हमें उनके खेल की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा।' उन्होंने आगे कहा, 'यह जरूरी है कि सारी उम्मीदें सिर्फ एक खिलाड़ी पर न टिकी हों। ट्रेनिंग के आधार पर तय होगा कि वह कितना खेलेंगे, लेकिन वह इस टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं।'

### नेमार के नाम है ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल

नेमार ब्राजील के इतिहास के सबसे सफल गोल स्कोरर हैं। उन्होंने अब तक 128 इंटरनेशनल मुकाबलों में 79 गोल किए हैं। बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन जैसे बड़े क्लबों के लिए खेल चुके नेमार अब विनीसियस जूनियर, राफिन्हा और एंड्रिक जैसे युवा खिलाड़ियों के साथ ब्राजील को छठा वर्ल्ड कप खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे।

# धोनी के फेयरवेल के बीच चेपॉक में बवाल! ईशान किशन की इस शर्मनाक हरकत से भड़के CSK फैंस

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद की जीत के बाद ईशान किशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में ईशान कथित तौर पर सीएसके फैंस की तरफ इशारा करते हुए घर जाओ जैसी प्रतिक्रिया देते नजर आए। इस हरकत को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस नाराजगी जता रहे हैं।

आईपीएल 2026 के 63वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। लेकिन मैच खत्म होने के बाद जीत से ज्यादा चर्चा ईशान किशन की कथित हरकत को लेकर हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में ईशान को सीएसके फैंस की ओर इशारा करते हुए देखा गया, जिसे कई लोगों ने 'गो होम' इशारे के रूप में लिया।



फैंस का मानना है कि यह व्यवहार खेल भावना के खिलाफ था। खासकर इसलिए क्योंकि चेपॉक स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक एमएस धोनी को संभावित आखिरी बार मैदान पर देखने और उन्हें सम्मान देने पहुंचे थे। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने ईशान किशन के इस रवैये को अनुचित और असम्मानजनक बताया।

### ईशान-क्लासेन की साझेदारी बनी मैच का टर्निंग पॉइंट

मैच की बात करें तो 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएच की शुरूआत संभली हुई रही, लेकिन तीसरे विकेट के लिए ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन के बीच हुई 75 रनों की साझेदारी ने चेन्नई को मुकाबले से बाहर कर दिया। ईशान ने 47 गेंदों पर 70 रन बनाए, जबकि क्लासेन ने सिर्फ 26 गेंदों में 47 रनों की तेज पारी खेली। हैदराबाद ने लक्ष्य 19 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया।

### CSK की प्लेऑफ की राह मुश्किल

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। टीम के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंदों पर 44 रनों की आक्रामक पारी खेली, जबकि कार्तिक शर्मा ने 19 गेंदों में 32 रन जोड़े। संजू सैमसन ने भी 27 रनों का योगदान दिया। हालांकि, गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर सके और टीम को सीजन की सातवीं हार झेलनी पड़ी। 13 मैचों में 12 अंक होने के कारण अब सीएसके की प्लेऑफ की राह बेहद मुश्किल हो गई है।

# 'मेरा शरीर कमजोर हो गया है' 2027 में खेलने को लेकर रैना के सवाल पर धोनी के जवाब से टूटा फैंस का दिल

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी ने आईपीएल 2027 में वापसी को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसने फैंस को भावुक कर दिया। सुरेश रैना ने खुलासा किया कि जब उन्होंने धोनी से अगले सीजन खेलने की बात कही तो माही ने जवाब दिया कि उनका शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। दूसरी ओर, सीएसके के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी धोनी के भविष्य को लेकर साफ कहा कि यह फैसला टीम मैनेजमेंट को लेना है। चोट के कारण पूरे आईपीएल 2026 से बाहर रहने के बावजूद धोनी का टीम पर प्रभाव लगातार बना हुआ है।



चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस के लिए आईपीएल 2026 का सीजन काफी भावुक रहा। एक तरफ टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई, वहीं दूसरी तरफ एमएस धोनी पूरे सीजन चोट के कारण मैदान पर नजर नहीं आए। हालांकि, चेपॉक में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले के दौरान धोनी मैदान पर जरूर उतरे। उन्होंने टीम फोटो के लिए खिलाड़ियों के साथ समय बिताया और बाद में मैदान का चक्कर लगाकर फैंस का अभिवादन किया। इस पल ने स्टेडियम में मौजूद हजारों समर्थकों को भावुक कर दिया।

इसी दौरान धोनी की मुलाकात उनके पुराने साथी और करीबी दोस्त सुरेश रैना से भी हुई, जो मैच में कमेंट्री कर रहे थे। दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर चेन्नई सुपर किंग्स को चार आईपीएल खिताब जिताए थे और उनकी जोड़ी फ्रेंचाइजी की पहचान मानी जाती है।

### रैना ने बताया धोनी से हुई खास बातचीत

स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान सुरेश रैना ने खुलासा किया कि उन्होंने धोनी से अगले सीजन खेलने को लेकर बात की थी। रैना ने कहा, 'मैंने उनसे कहा- आपने आईपीएल 2026 को मिस्ड कॉल दिया है, यह गिना नहीं जाएगा। आपको अगले साल वापस आना होगा। इस पर उन्होंने कहा- मेरा शरीर थोड़ा कमजोर हो गया है।' रैना ने आगे कहा, 'मैंने उनसे कहा कि हम यह मानने वाले नहीं हैं, आपको अगले साल खेलना ही होगा। लेकिन आखिरकार यह उनका निजी फैसला है। मुझे लगता है कि वह सकारात्मक सोच रहे हैं और टीम भी फिर से अच्छी तरह तैयार हो रही है।' धोनी के इस जवाब ने करोड़ों सीएसके फैंस को भावुक कर दिया। सोशल मीडिया पर कई प्रशंसकों ने लिखा कि माही के बिना आईपीएल की कल्पना करना बेहद मुश्किल है।

### फ्लेमिंग बोले- धोनी का प्रभाव अब भी बहुत बड़ा है

सीएसके के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी धोनी के भविष्य पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'यह फैसला मैनेजमेंट को लेना है। इस मुद्दे पर काफी बातें हो रही हैं। एमएस इस पूरे साल टीम के साथ रहे हैं, जो युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने मैदान पर नहीं खेला, लेकिन टीम पर उनका प्रभाव अब भी बहुत बड़ा है।' फ्लेमिंग ने आगे कहा, 'हमने इस सीजन कुछ नए खिलाड़ियों को मौका दिया है, जो भविष्य में सीएसके की नई पहचान बन सकते हैं। लेकिन आखिर में हमें नतीजों से आंका जाता है। धोनी का भविष्य क्या होगा, यह फैसला मैनेजमेंट करेगा।'



### क्या आईपीएल 2027 में दिखेंगे थाला?

धोनी अगले सीजन खेलेंगे या नहीं, इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। लेकिन चेपॉक में उनका मैदान पर उतरना और फैंस का प्यार देखकर यह साफ है कि सीएसके समर्थक अभी भी अपने ह्यथालाह्न को पीली जर्सी में देखना चाहते हैं। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या धोनी आईपीएल 2027 में एक आखिरी बार मैदान पर उतरेंगे या यह चेपॉक में उनका आखिरी भावुक सफर था।

### पूरे सीजन नहीं खेले धोनी

44 वर्षीय धोनी को सीएसके ने इस सीजन 'अनकैप्ड प्लेयर' नियम के तहत रिटेन किया था। उम्मीद थी कि वह युवा खिलाड़ियों को तैयार करने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर मैदान पर भी उतरेंगे। लेकिन चोट के कारण वह पूरे सीजन एक भी मुकाबला नहीं खेल सके। ना तो उन्होंने बल्लेबाजी की और ना ही विकेटकीपिंग ग्लव्स पहने। इसके बावजूद टीम के साथ उनका जुड़ाव लगातार बना रहा। ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रही।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | बुधवार • 20 मई -2026






# जीएसटी एडिशनल कमिश्नर ने व्यापार मंडल एवं सर्राफा व्यापारियों के साथ की बैठक





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर स्थित जीएसटी कार्यालय में मंगलवार को एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 रामकेश्वर सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं सर्राफा व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई। एडिशनल कमिश्नर रामकेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशहित में दिए संदेश के अनुरूप वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बुलियन गोल्ड की अनावश्यक खरीद-बिक्री से बचना चाहिए। केवल आवश्यक ज्वेलरी के क्रय-विक्रय को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने व्यापारियों से संयम और जिम्मेदारी के साथ व्यापार करने का आह्वान किया।

**➩ सर्राफा एसोसिएशन गाजियाबाद के संरक्षक राज किशोर गुप्ता ने वायदा व्यापार पर नियंत्रण लगाने का सुझाव दिया**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के वक्तव्य को लेकर जनता में भ्रम की स्थिति है। सरकार को समाचार पत्रों के माध्यम से स्पष्ट विज्ञापन जारी कर भ्रांतियां दूर करनी चाहिए, ताकि सर्राफा बाजार में सामान्य स्थिति बहाल हो सके। सर्राफा एसोसिएशन गाजियाबाद के संरक्षक राज किशोर गुप्ता ने वायदा व्यापार पर नियंत्रण लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद ग्राहकों की संख्या में काफी कमी आई है। सरकार को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए।

जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने कहा कि बुलियन गोल्ड की सबसे अधिक खरीद प्रभावशाली वर्गों द्वारा की जाती है, इसलिए पहल भी वहीं से होनी चाहिए। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर मोनू सिंह, जिलाजीत सिंह, डिप्टी कमिश्नर चंद्रकांत भूषण, विजय चौधरी, विनय गौतम, सहायक पुलिस आयुक्त सूर्यबली मौर्य, जिला मंत्री अमित गोयल, राजकुमार सिंह राणा, ईतेश पोसवाल, उपेंद्र उपाध्याय, मीनू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर मेले को लेकर एडीसीपी ट्रैफिक ने लिया मार्गों का जायजा

## अवैध कटों और रूट व्यवस्था का किया निरीक्षण, ट्रैफिक संचालन को लेकर दिए आवश्यक निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी ज्येष्ठ दशहरा पर्व एवं गढ़मुक्तेश्वर मेले को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ और बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए एडीसीपी ट्रैफिक वरुण कुमार सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर मार्ग पर पहुंचकर अवैध कटों, डायवर्जन व्यवस्था और प्रमुख रूटों का निरीक्षण किया। इस मौके ट्रैफिक इंस्पेक्टर अजय कुमार भी साथ रहे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे बने अवैध कटों को चिन्हित करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पर्व के दौरान ट्रैफिक संचालन सुचारु बनाए रखने, जाम की स्थिति से निपटने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

एडीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन रहेगा, इसलिए यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए वैकल्पिक रूट, बैरिकेडिंग और पुलिस तैनाती की विशेष व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी अव्यवस्था पर तुरंत कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित रूट और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगम यात्रा कर सकें।



# युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बाइक व मोबाइल ले भागे

**ग्रेटर नोएडा।** स्टेलर जीवन सोसाइटी के बाहर बदमाशों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर युवक से मोबाइल फोन व बाइक लूट ली। पीड़ित की तहरीर पर सोमवार को बिसरख कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। बिसरख जलालपुर निवासी संजय भाटी ने पुलिस को बताया कि एक मई की रात स्टेलर जीवन सोसायटी के पास दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और बिसरख गोलचक्कर तक लिफ्ट मांगी। बाइक पर बैठाने के कुछ दूर बाद दोनों युवकों ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गए। दो घंटे बाद होश में आने पर बाइक और मोबाइल फोन गायब थे।

इसके बाद किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र चौहान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 25 साल बाद खुला जीपीएफ घोटाला, विभाग ने मानी गबन की बात

## एफआईआर के आदेश, दोषियों के देय रोके गए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बिजली विभाग में वर्ष 2001 में हुए जीपीएफ गबन के मामले में आखिरकार 25 वर्ष बाद बड़ा मोड़ आया है। विभाग ने पहली बार आधिकारिक रूप से यह स्वीकार किया है कि तत्कालीन अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से जूनियर इंजीनियर इंद्र पाल सिंह के जीपीएफ भुगतान में गंभीर अनियमितता हुई थी। मामले में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जारी कर दिए गए हैं, साथ ही आरोपित अधिकारियों के सभी देय रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस कार्रवाई के बाद अब 80 वर्षीय सेवानिवृत्त जूनियर इंजीनियर इंद्र पाल सिंह को अपनी जीवनभर की मेहनत की कमाई वापस मिलने की उम्मीद जगी है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2001 में इंद्र पाल सिंह के करीब 2.50 लाख रुपये के जीपीएफ भुगतान को विभागीय अभिलेखों में कैश भुगतान दिखा दिया गया था, जबकि विभागीय नियमों के तहत जीपीएफ की धनराशि केवल चेक के माध्यम से ही दी जाती है। हैरानी की बात यह रही कि उसी अवधि में अन्य कर्मचारियों को भुगतान चेक से किया गया, लेकिन इंद्र पाल सिंह के मामले में कैश एंट्री दर्ज कर दी गई।

**➩ 80 वर्षीय पूर्व जेई को जगी मेहनत की कमाई वापस मिलने की उम्मीद**

मामले में तत्कालीन अधिशासी अभियंता डी.पी. सिंह, सहायक अभियंता एस.के. सिंह और कार्यालय सहायक मुनेश चौहान के नाम सामने आए हैं। विभागीय जांच के बाद इन सभी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनके देय रोकने के आदेश दिए गए हैं। पीड़ित इंद्र पाल सिंह ने पिछले ढाई दशक में कई बार विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई। उम्र के इस पड़ाव पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार अपने जीपीएफ की राशि वापस दिलाने की मांग उठाते रहे। आखिरकार विभाग को मामले में कार्रवाई करनी पड़ी। सूत्रों के अनुसार कार्यालय सहायक मुनेश कुमार चौहान के खिलाफ पहले भी पुलिस कार्रवाई हो चुकी है। वर्ष 2012 में पुलिस द्वारा चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद वह जेल भी गया था और फिलहाल जमानत पर बाहर है। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले में कानूनी कार्रवाई तेज होने की संभावना है। विभाग के इस फैसले को न केवल पीड़ित बुजुर्ग के लिए राहत माना जा रहा है, बल्कि यह उन कर्मचारियों के लिए भी एक संदेश है कि वर्षों पुराने मामलों में भी न्याय की उम्मीद खत्म नहीं होती।

# फ्लैट में चल रहा था शराब और गांजा तस्करी का खेल, तीन गिरफ्तार

**➩ डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी और एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा के निर्देशन में हुई ऑपरेशन प्रहार में बड़ी कार्रवाई**

**➩ 94 बोतल हरियाणा मार्का अवैध शराब, 739 ग्राम गांजा, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और नकदी बरामद**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा के निर्देशन में ग्रामीण जोन की स्वाट टीम और निवाड़ी थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब और गांजा तस्करी करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर 94 बोतल हरियाणा मार्का अवैध शराब, 739 ग्राम गांजा, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार निवाड़ी थाना पुलिस गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा के नेतृत्व में स्वाट टीम ग्रामीण जोन और थाना निवाड़ी पुलिस ने कनन ग्रीन सोसाइटी स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। यहां तीन युवक किराये के फ्लैट में रहकर शराब और गांजा तस्करी का नेटवर्क चला रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने फ्लैट से 7 पेटी और 10 बोतल सहित कुल 94 बोतल ब्लेंडर प्राइड हरियाणा मार्का अवैध शराब बरामद की। इसके अलावा 739 ग्राम गांजा, गांजा तौलने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा और 1120 रुपये नकद भी बरामद किए गए।

### बिहार में बंदी तो यहां करते थे काम

**करंट क्राइम :** पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमांशु कुमार , अनमोल और मनीष कुमार निवासी पटना, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बिहार में शराबबंदी के कारण उन्होंने हरियाणा से सस्ती शराब खरीदकर बिहार में महंगे दामों पर बेचने की योजना बनाई थी। वहीं बिहार से गांजा लाकर यूपी में छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि करीब 10-12 दिन पहले वे मोदीनगर क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर रहने लगे थे। हिमांशु पहले भी मोदीनगर में रह चुका था, इसलिए उसे इलाके की पूरी जानकारी थी। आरोपियों ने ऑनलाइन माध्यम से सेल्फ ड्राइव कार किराये पर ली और हरियाणा से शराब की खेप लेकर आए। इनमें से दो पेटी शराब पहले ही बिहार भेजी जा चुकी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही आरोपियों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# जॉब फेयर का हुआ आयोजन




**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में मंगलवार को एसएसबीएस जॉब फेयर का आयोजन हुआ। इसमें कुल 31 कंपनियां शामिल हुईं। इनमें से 272 छात्र शामिल हुए। इनमें लगभग 150 छात्र एमबीए और बाकी छात्र बीबीए और बी-काम पाठ्यक्रमों से जुड़े। 21 मई तक सभी शार्टलिस्ट किए गए छात्रों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। इस दौरान विद्यार्थियों को 7.20 लाख रुपये के अधिकतम पैकेज पर आफर मिला। वहीं कुछ को छह लाख रुपये के पैकेज पर जॉब आफर की गई। वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा ने कहा कि छात्रों के लिए सीखने और अवसर पाने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ।

# हापुड़ में बन रहा 'जहरीला सॉस', हर बोतल में भरी हुई थी 'मौत'

**हापुड़।** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर चंडी रोड मेरठ गेट पुलिस चौकी पर नकली सॉस बनाने की सूचना मिली थी। इस पर टीम के साथ तेजेंद्र सिंह की दुकान पर छापा मारा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग की टीम ने यूपी के हापुड़ में चंडी रोड मेरठ गेट पुलिस चौकी के पास तेजेंद्र सिंह की दुकान पर छापा मारा। यहां दुकान के ऊपर बने कमरे में नकली सॉस बनाई जा रही थी। विभाग की टीम ने 30 पेटी को सीज कर दिया, जिसमें 360 बोतल पैक थी। इसकी अनुमानित कीमत 22,680 रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा 235 किलो सॉस को नष्ट कराया गया। इसकी अनुमानित कीमत 16,450 रुपये बताई जा रही है। सॉस के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर चंडी रोड मेरठ गेट पुलिस चौकी पर नकली सॉस बनाने की सूचना मिली थी। इस पर टीम के साथ तेजेंद्र सिंह की दुकान पर छापा मारा। यहां एक कमरे में सॉस का निर्माण किया जा रहा था। उसका परीक्षण किया गया तो पाया कि इस सॉस खाने से सेहत खराब हो सकती है।



**ऐसे तैयारी हो रहा था सॉस**

उन्होंने बताया कि सॉस को गाजर, स्टार्च, शुगर, नमक, सोडियम बेन्जोएट खाद्य रंग मिलाकर तैयार किया जा रहा था। इसमें अधिक मात्रा में रंग और गंदगी पाई गई। उन्होंने बताया कि यहां से सॉस का नमूना लेकर जांच को भेजा जा रहा है। कार्रवाई के दौरान बाजार में अफरातफरी का माहौल रहा। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गंगवार, प्रियंक श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# घर के बाहर खेल रही छह वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत, परिजनों में पसरा मातम, चालक की तलाश जारी



**हापुड़।** हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव भटियाना में घर के बाहर सड़क किनारे खेल रही छह वर्षीय इशिका को कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव भटियाना में घर के बाहर सड़क किनारे खेल रही छह वर्षीय इशिका को कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कैंटर को कब्जे में ले लिया और फरार चालक की तलाश कर रही है। गांव निवासी कविंद्र की छह वर्षीय पुत्री इशिका सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे घर के बाहर सड़क किनारे खेल रही थी। हादसे के बाद आसपास के लोग यहां एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने लोगों की मदद से बच्ची को हापुड़ नगर के गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।




# आखिर कब खुलेगा प्रेसवार्ता वाला खाता

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारी हैं। तो थानों से लेकर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी संभालने का काम कर रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक आईपीएस अधिकारी को अभी अपने पहले खुलासे की प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी है। यह डेट लाइन कब तक जारी रहेगी, पता नहीं है। बताया जा रहा है कि उनको थाने वाला चार्ज मिले लंबा समय हो चुका है लेकिन अब तक वह किसी खुलासे में खुलकर सामने नजर आए। इन सबके बीच जानकारी है कि वैसे तो उन्होंने नदिया पार में एक बड़ा खुलासा किया था। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हुए अब तक के कई फुल एनकाउंटर में भी उनकी तस्वीरें नजर आई हैं लेकिन वह सीधे मीडिया से रूबरू होते नजर नहीं आए। साथ ही उनके वाले सर्किल में उनके थाने का कोई ऐसा खुलासा भी नहीं हुआ है, जिसमें वो सीधे माइक संभाले और पत्रकारों के सवालों के जवाब दें। वैसे इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नंबर दो की पोजीशन वाले दो अधिकारियों की मंगलवार को एक कार्यालय में मीटिंग हुई है। बताया जा रहा है कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी हुई थी। जानकारी यह है कि जिस तरीके से गर्मी ने तेवर दिखाएं हैं, उसे देखते हुए पुलिस के अधिकारियों की ओर से आने वाले दिनों में कोई संदेश और आदेश जारी किए जा सकता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब बकरीद के बाद ही लोकल और प्रदेश वाली लिस्ट पर कुछ हलचल बढ़ेगी। फिलहाल बताया जा रहा है कि कई अधिकारी जो कमिश्नरेट में तैनात हैं वह जिलों में जाने के लिए अपनी लाल ठोकने में लगे हुए हैं। अब बताया जा रहा है कि प्रदेश में नंबर दो की पोजीशन वाले साहब छुट्टी पर चल रहे थे, वह बीते दिनों लौट आए हैं। उन्होंने आने के बाद दोबारा से फाइलों से लेकर अन्य मामले देखने शुरू कर दिए हैं। अब बताया जा रहा है कि बकरीद के बाद फिर पुलिस कर्मियों के तबादले की प्रक्रिया शुरू होगी। जिसमें कई स्तर के अधिकारियों को छेड़ा जाएगा। तो वहीं लोकल वाले सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में भी 1400 के आसपास टू-स्टार कभी भी बदले जा सकते हैं। संभावना बकरीद के बाद की प्रबल नजर आ रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि कब पहला खुलासा होता है और कब सवालों का सामना होगा।




# 1.36 करोड़ रुपये से दूर होगा सेक्टर-73 और 70 के सामने का जाम



**नोएडा।** महामाया फ्लाईओवर से पर्थला तक सेक्टर-73 व 70 के सामने लगने वाला जाम 1.36 करोड़ रुपये से दूर होगा। यहां करीब 700 मीटर सड़क के चौड़ीकरण के साथ, डिवाइडर के कुछ हिस्से को नए सिरे से बनाए जाएंगे। साथ ही विकास मार्ग से मिलने वाली सड़कों के मोड़ का घुमाव भी सही किया जाएगा। इस काम पर प्राधिकरण 1 करोड़ 36 लाख 2 हजार रुपये खर्च करेगा। परियोजना तैयार करने के बाद निर्माण एजेंसी चयन के लिए मंगलवार को यह टेंडर प्राधिकरण ने जारी कर दिया है। एजेंसियों से 25 मई तक आवेदन मांगे गए हैं।

मास्टर प्लान रोड-3 में सेक्टर-71 अंडरपास के बाद पर्थला फ्लाईओवर तक का हिस्सा विकास मार्ग है। इस सड़क से ग्रेटर नोएडा वेस्ट का ट्रैफिक गुजरता है। वहीं नोएडा एलिवेटेड रोड से आकर ग्रेनो वेस्ट और सेक्टर-121 की ओर जाने वाले वाहन भी क्लियो काउंटी सोसाइटी के सामने से आने वाली सड़क से आकर मिलते हैं। इस तरह से सेक्टर-73 से सेक्टर-121-122 के सामने तक जाम लगा रहता है। इस मोड़ के घुमाव को भी सुधारने का काम परियोजना में शामिल किया गया है।

परियोजना का टेंडर वर्क सर्कल-6 की तरफ से जारी किया गया है। प्राधिकरण के जीएम एके अरोड़ा ने बताया कि एजेंसी चयन कर जल्द काम शुरू करवाए जाएंगे। काम पूरा करने के लिए तीन महीने का समय एजेंसी को दिया जाएगा।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की 'गविष्टि यात्रा' को लेकर बैठक, विधानसभा संयोजकों की घोषणा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'गौ माता राष्ट्र माता आंदोलन' के तहत पूज्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज '1008' के आह्वान पर उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभाओं में गविष्टि (गो-रक्षार्थ-धर्मयात्रा) का आयोजन किया जा रहा है। शंकराचार्य महाराज के विशेष संदेशवाहक के रूप में पधारे ब्रह्मचारी अखिलेश महाराज की अध्यक्षता में शनिवार (16 मई) को सायं 4:30 बजे पांडव नगर इंडस्ट्रियल एरिया में इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य यात्रा के गाजियाबाद आगमन पर उसे दिव्य और भव्य स्वरूप देना था।

यात्रा के सुचारू प्रबंधन और स्थानीय स्तर पर जनसंपर्क को मजबूत करने के लिए गाजियाबाद लोकसभा की सभी विधानसभाओं से प्रमुख प्रबुद्धजनों को संयोजक व सहयोगी मनोनीत किया गया, जो इस प्रकार हैं: लालाराम पहलवान एवं राकेश गुप्ता (धौलाना विधानसभा), महेश आहूजा एवं अरविंद भारद्वाज (गाजियाबाद विधानसभा), विद्याधर तिवारी एवं किशन सिंह राघव (साहिबाबाद विधानसभा), गो प्रतिष्ठानंद एवं डॉ. विनोद बंसल (लोनी विधानसभा), विनीत त्यागी एवं सहयोगी (मुरादनगर विधानसभा)।

बैठक में मुख्य रूप से मौजूद रहे: संजय रैना, पंडित लाल मनी त्रिपाठी, आशीष शर्मा, राहुल कुमार, सुमित शर्मा, अमित त्यागी, सुनील शर्मा, दिनेश यादव, विक्रम सिंह, गुलशन राजपूत, प्रियांशु राजपूत, विशाल भारद्वाज, महर्षि शर्मा, अरविंद कुमार सिंह, संदीप कुशवाहा, ऋतिक कुशवाहा और चिराग कश्यप सहित भारी संख्या में सनातनी और गौ-भक्त।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Mayank Goel
6m

मेरे जीवन का अनमोल पल बाबू जी 96 वर्षीय और ऊर्जा ऐसी की 20 वर्ष का युवा भी शर्मा जाये ।
बहन रनिता सिंह के ससुर जी से आशीर्वाद मिला।
हमारे शास्त्र कहते हैं 90 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग जिस घर में प्रसन्न रहते हैं वो घर तीर्थ हो जाता है
पूज्य माता जी और बाबू जी से मिलकर आशीर्वाद लेकर धन्य हूँ
कुछ हंसी ठिठोली और आनंद के पल .. 😊 😊



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह के आवास पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल पहुंचे। उन्होंने रनिता सिंह के 96 वर्षीय ससुर और उनकी सास से भी मुलाकात की। एक परिवार, एक संस्कार और आपस में ये प्यार देखकर महानगर अध्यक्ष ने कहा कि वास्तव में ऐसा घर तीर्थ हो जाता है। आनंद के इन पलों को महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने फेसबुक पर साझा किया। और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# बांग्लादेश में बढ़ रहा चरमपंथ का खतरा

## दो साल में 100 से अधिक दरगाहों में तोड़फोड़



**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की सत्ता से विदाई के बाद से वहां चरमपंथ तेजी से बढ़ रहा है। जमात ए इस्लामी जैसी पार्टियां चरमपंथ को बढ़ावा दे रही हैं। इसी का नतीजा है कि अब वहां न सिर्फ अल्पसंख्यक बल्कि सूफी परंपरा मानने वाले मुसलमानों को भी निशाना बनाया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने बांग्लादेश में श्रद्धालुओं पर हुए हमले और एक दरगाह में हुई तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की है। संगठन को चिंता है कि इस तरह की घटनाओं को न रोकने और दोषियों को सजा न दे पाने की वजह से चरमपंथी समूहों का हौसला बढ़ेगा। फ्रांस में स्थित जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश (जेएमबीएफ) ने कहा कि ढाका में हजरत शाह अली बगदादी की दरगाह पर श्रद्धालुओं पर हुआ हमला और 14 मई की रात को एक शांतिपूर्ण साप्ताहिक धार्मिक सभा में शामिल लोगों पर हिंसक हमला, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक धरोहर और देश की सदियों पुरानी सूफी परंपराओं पर गंभीर हमला है।

जमात ए इस्लामी पार्टी पर आरोप

मानवाधिकार संगठन ने बताया कि बांग्लादेश की कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी और उसकी छात्र इकाई शिबिर से जुड़े हथियारबंद हमलावरों ने दरगाह परिसर में डंडों के साथ प्रवेश किया और निर्दोष श्रद्धालुओं पर सुनियोजित हमला किया, जिससे अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए। संगठन ने यह भी कहा कि दरगाह के बाहर पुलिस की मौजूदगी के थी, लेकिन वे नागरिकों की रक्षा करने में असफल रहे।

जेएमबीएफ ने एक घायल व्यक्ति के हवाले से कहा, 'कुछ लोग डंडों के साथ आए और उन्होंने पूरी तरह से अराजकता फैला दी। लोग इधर-उधर भागने लगे। मैं मुख्य गेट से निकलने की कोशिश कर रहा था, तभी उन्होंने मेरे सिर पर वार किया।' संगठन ने दरगाह के अनुयायियों का हवाला देते हुए कहा कि यह हमला 5 अगस्त 2024 से बांग्लादेश में दरगाहों और सूफी स्थलों पर हो रहे हमलों और तोड़फोड़ की एक श्रृंखला का हिस्सा है।

### 5 अगस्त 2024 से अब तक 100 से अधिक दरगाहों को बनाया निशाना

जेएमबीएफ के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना अकेली नहीं है, बल्कि यह एक चिंताजनक और व्यवस्थित हिंसा की एक कड़ी है, जिसमें धार्मिक अल्पसंख्यकों और सूफी स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। इस अवधि में 100 से अधिक दरगाहों पर हमले की खबर है। संगठन ने चिंता जताई कि इन घटनाओं में शामिल किसी भी दोषी पर आरोप साबित नहीं किया गया है, जिससे इन्हें सजा नहीं मिलेगी। जेएमबीएफ ने बांग्लादेश सरकार से अपील की है कि वह शाह अली बगदादी दरगाह पर हुए हमले की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करे तथा सभी दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर सजा दे। संगठन ने देशभर में सभी दरगाहों, धार्मिक संस्थानों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बढ़ते धार्मिक उग्रवाद तथा राजनीतिक हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने की भी मांग की है।

## ट्रंप प्रशासन का क्यूबा के खिलाफ बड़ा एक्शन

# 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संगठनों पर लगाए नए प्रतिबंध



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने क्यूबा के 11 अधिकारियों और तीन सरकारी संस्थानों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि क्यूबा की सरकार लोगों पर दमन कर रही है, सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है और विदेशी खुफिया तथा सैन्य गतिविधियों को समर्थन दे रही है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए सख्त कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रतिबंधों का मकसद क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार और सेना को अवैध आर्थिक संसाधनों से दूर रखना है।

### 11 लोगों पर कार्रवाई

इन प्रतिबंधों की घोषणा 1 मई, 2026 को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश 14404 के तहत की गई थी। इसका लक्ष्य वे लोग हैं जो ₹क्यूबा में दमन के लिए और संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा व विदेश नीति के लिए खतरों के लिए जिम्मेदार हैं। मार्को रुबियो ने कहा कि जिन 11 लोगों पर कार्रवाई हुई है, उनमें क्यूबा सरकार और सेना से जुड़े कई बड़े अधिकारी शामिल हैं। अमेरिका का आरोप है कि इनमें से कई लोग क्यूबा के नागरिकों पर दमन करने में शामिल रहे हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह कदम क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार से पैदा हो रहे सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए चलाए जा रहे बड़े अभियान का हिस्सा है। साथ ही उन लोगों और संस्थाओं को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा, जो क्यूबा सरकार को आर्थिक या अन्य तरह का समर्थन दे रहे हैं। निशाने पर कई वरिष्ठ अधिकारी

इन प्रतिबंधों में क्यूबा के कई वरिष्ठ अधिकारियों और सैन्य हस्तियों को भी निशाना बनाया गया है, जिनमें एडी मैनुअल सिएरा एरियस, ऑस्कर अलेजांद्रो कैलेजस वालकार्स, रोसाबेल गामोन वर्डे, जोकिन क्विंटास सोला, जुआन एस्टेबान लाजो हर्नांडेज, विसेंट डे ला ओ लेवी और मायरा अरेविच मारिन शामिल हैं।

अन्य जिन अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, वे हैं जोस मिगुएल गोमेज डेल वैलिन, राउल विलर केसेल, रॉबर्टो टॉमस मोरालेस ओजेडा और यूजेनियो आमंडी राबिलेरो अगुइलेरा।

रुबियो ने कहा कि ये लोग क्यूबा की खराब आर्थिक स्थिति, वहां के लोगों की परेशानियों और विदेशी खुफिया व सैन्य गतिविधियों में क्यूबा के इस्तेमाल के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों और हफ्तों में और भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, जिन लोगों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनकी अमेरिकी अधिकारी क्षेत्र में मौजूद संपत्तियां और आर्थिक हित फ्रीज कर दिए जाएंगे।

# कांगो में इबोला से 131 मौतें, 500 से अधिक संदिग्ध मामले, अंतरराष्ट्रीय आपातकाल घोषित



**संयुक्त राष्ट्र।** पूर्वी कांगो में इबोला के दुर्लभ बुंडिबुग्यो वायरस प्रकोप से 131 लोगों की मौत और 500 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए हैं। हल्ड ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करते हुए महामारी की तेजी पर चिंता जताई।

पूर्वी कांगो में इबोला के प्रकोप से अब तक 131 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया।

कांगो के जन स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर काम्बा ने आज बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में 513 संदिग्ध मामले और 131 मौतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ये संदिग्ध मौतें हैं। इनकी पुष्टि के लिए जांच जारी है कि कौन सी मौतें वास्तव में बीमारी से जुड़ी हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को पहली बार पुष्टि हुआ यह प्रकोप बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है। यह इबोला बीमारी का एक दुर्लभ प्रकार है। इसके लिए कोई अनुमोदित उपचार या टीके उपलब्ध नहीं हैं। कांगो और युगांडा में 20 से अधिक इबोला प्रकोप हुए हैं, लेकिन यह तीसरी बार है जब बुंडिबुग्यो वायरस का पता चला है। मामले अब बुनिया, गोमा, मोंगबवालु, बुटेम्बो और न्याकुंडे में सामने आए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने आज जिनेवा में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह महामारी के पैमाने और गति को लेकर चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी सिफारिशों पर सलाह देने के लिए आज अपनी आपातकालीन समिति की बैठक बुलाएगी। बुंडिबुग्यो वायरस इबोला का एक दुर्लभ प्रकार है। इसके लिए अभी तक कोई स्वीकृत दवा या टीका मौजूद नहीं है।

# भारत के लिए UK-डेनमार्क का मेगा प्लान: ग्रीन एनर्जी के लिए बना नॉर्थ स्टार प्लेटफॉर्म, रू 28.91 अरब का निवेश



**लंदन।** भारत के 2030 तक 500 गीगावाट ग्रीन एनर्जी और 2070 तक नेट-जीरो के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यूके और डेनमार्क ने मिलकर 300 मिलियन डॉलर यानी रू28.91 अरब का 'नॉर्थ स्टार' प्लेटफॉर्म बनाया है। यह बड़ा निवेश भारत में सालाना चार मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन को कम करके स्वच्छ ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा।

भारत में पर्यावरण अनुकूल और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटेन और डेनमार्क ने एक बड़ा वैश्विक गठबंधन किया है। ब्रिटेन के विकास वित्त संस्थान ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट (बीआईआई) और डेनमार्क के ग्लोबल फंड मैनेजर कोपेनहेगन इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स ने हाथ मिलाया है। दोनों ने मिलकर 'नॉर्थ स्टार' नाम के एक रिन्यूएबल एनर्जी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। 300 मिलियन डॉलर यानी करीब रू 28.91 अरब के इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य भारत में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइब्रिड और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में निवेश करना है। दोनों संस्थान इस प्लेटफॉर्म में 150-150 मिलियन डॉलर का योगदान देंगे। इससे भारत में हरित परियोजनाओं के लिए जरूरी फंड की कमी को पूरा किया जा सकेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त निजी पूंजी को भी आकर्षित किया जाएगा।

ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स की पहली बड़ी पहल

यह रणनीतिक निवेश पिछले महीने बीआईआई की ओर से शुरू की गई 1.1 बिलियन पाउंड की ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स (बीसीपी) पहल का पहला हिस्सा है। बीआईआई के प्रबंध निदेशक और एशिया इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रमुख रोहित आनंद ने बताया कि ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स का उद्देश्य बड़े पैमाने पर संस्थागत पूंजी जुटाना है। यह पूंजी भारत सहित विकासशील एशियाई अर्थव्यवस्थाओं में ऊर्जा संक्रमण की रफ्तार तेज करेगी। इन क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत और अवसर दोनों ही सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि 'नॉर्थ स्टार' की शुरूआत भारत के मजबूत रिन्यूएबल ग्रोथ और सहायक सरकारी नीतियों को दर्शाती है। यहां स्वच्छ ऊर्जा का तेजी से विस्तार करने में उत्प्रेरक पूंजी बड़ी भूमिका निभाएगी।

### हर साल कम होगा 40 लाख टन कार्बन उत्सर्जन

'नॉर्थ स्टार' प्लेटफॉर्म से भारत के पर्यावरण को बहुत बड़ा फायदा होने की उम्मीद है। इस परियोजना के जरिए सालाना चार मिलियन मेगावाट-घंटे से अधिक स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही यह प्रोजेक्ट हर साल लगभग चार मिलियन टन (40 लाख टन) कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मददगार साबित होगा। सीआईपी के ग्रोथ मार्केट्स फंड्स के पार्टनर पीटर जेनिक सजोनटॉफ्ट ने भारत को वैश्विक स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी का सबसे महत्वपूर्ण बाजार बताया। उन्होंने कहा कि बीआईआई के साथ इस साझेदारी से वे भारत में अपने मौजूदा निवेश को और आगे बढ़ाएंगे। यह तालमेल स्थानीय अंतर्दृष्टि और वैश्विक निवेश विशेषज्ञता को एक साथ लाएगा।

### भारत के 'नेट-जीरो' लक्ष्य को मिलेगी रफ्तार

बीआईआई का ब्रिटिश क्लाइमेट पार्टनर्स (बीसीपी) कार्यक्रम एशिया की तेजी से बढ़ती और कोयले पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं में जलवायु समाधानों के लिए संस्थागत पूंजी जुटाने के लिए बना है। इसमें भारत के अलावा फिलीपींस, इंडोनेशिया, वियतनाम और अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देश शामिल हैं।

# अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर और M777 तोपों की सपोर्ट डील को दी मंजूर



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर और ट777अ2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर की सपोर्ट सर्विस बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस रक्षा सौदे से भारतीय सेना की ताकत और रणनीतिक क्षमता में बड़ा इजाफा होगा।

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और M777A2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं M777A2अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है।

**किन कंपनियों को मिलेगा कॉन्ट्रैक्ट:** अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं M777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारत ने अल्-64ए अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरिंग, टेक्निकल और लॉजिस्टिक सपोर्ट सेवाओं की मांग की थी। इसके अलावा तकनीकी डेटा, पब्लिकेशन, सैनिकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रोग्राम सपोर्ट भी इस डील का हिस्सा होंगे।

# 12-13 सितंबर को भारत आएंगे पुतिन

## ब्रिक्स सम्मेलन में होंगे शामिल



**मॉस्को।** क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने पुष्टि की है कि इस साल भारत में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल होंगे। दक्षिण अफ्रीका में रूसी दूतावास ने एक्स पर यह जानकारी दी है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका में रूसी दूतावास ने एक्स पर इसकी पुष्टि की है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन एक वार्षिक बैठक है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के नेता शामिल होते हैं। इसके अलावा इसमें नए सदस्य देश भी शामिल हैं।

इस बैठक में आर्थिक सहयोग, व्यापार, वैश्विक शासन और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। यह मंच उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नीतियों के समन्वय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सामूहिक आवाज उठाने का अवसर देता है।

भारत ने 13 जनवरी 2026 को आधिकारिक रूप से ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता संभाली। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता और बदलती चुनौतियों के बीच भारत ने 10 सदस्यीय इस समूह की अपनी अध्यक्षता को नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने का संकेत दिया है। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता की आधिकारिक थीम, लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ किया।


### कमल है ब्रिक्स का लोगो

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान सम्मेलन का लोगो भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल है। लोगो के बीच का हिस्सा 'नमस्ते' अभिवादन पर केंद्रित है। इसे विदेश मंत्रालय द्वारा सरकार के सिटीजन एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म पर शुरू किए गए एक ओपन कॉन्टेस्ट के जरिये चुना गया था। अंत में सुदीप सुभाष गांधी के लोगो को चुना गया था।

### ब्रिक्स की थीम क्या है?

इस वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का विषय है- लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के लिए निर्माण। यह विषय प्रधानमंत्री के मानवता प्रथम और जन केंद्रित दृष्टिकोण से लिया गया है, जो ब्रिक्स के लिए प्रेरणा का काम करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स इंडिया वेबसाइट brics2026.gov.in का अनावरण भी किया था। यह भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

# सैन डिएगो मस्जिद हमले पर राष्ट्रपति ट्रंप ने जताया दुख, बोले- यह एक भयावह घटना



**वॉशिंगटन।** कैलिफोर्निया की मस्जिद पर दो किशोरों ने हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी और फिर खुदकुशी कर ली। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे भयानक बताते हुए गहराई से जांच का भरोसा दिया है।

अमेरिका के कैलिफोर्निया में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। यहां सैन डिएगो के इस्लामिक सेंटर के बाहर दो किशोर हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं। इस हमले में तीन पुरुषों की जान चली गई। मरने वालों में एक सुरक्षाकर्मी भी शामिल है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच 'हेट क्राइम' यानी नफरत की वजह से किए गए अपराध के रूप में कर रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस घटना पर दुख जताया है।

क्या बोले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप?

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक भयानक घटना बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले की गंभीरता से जांच करेगी। पुलिस को हमले के कुछ देर बाद पास की एक गली में खड़ी एक कार से दो किशोरों के शव मिले। इनकी उम्र 17 और 19 साल थी। पुलिस का मानना है कि मस्जिद पर हमला करने के बाद इन दोनों ने खुद को गोली मार ली और आत्महत्या कर ली।

यह गोलीबारी दोपहर से कुछ पहले मस्जिद परिसर के बाहर हुई। सैन डिएगो का यह इस्लामिक सेंटर इस काउंटी का सबसे बड़ा केंद्र है। फायरिंग की आवाज सुनते ही वहां मौजूद लोगों और छात्रों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।

# बलूचिस्तान में अत्याचार कर रही पाकिस्तानी सेना

## मार्च में 29 हत्याएं और 56 लोग लापता हुए



**क्वेटा।** पाकिस्तानी सेना पर बलूचिस्तान में ज्यादती करने का आरोप लगा है। आरोप है कि मार्च महीने में बलूचिस्तान में 29 गैर न्यायिक हत्याएं हुई हैं। एक मानवाधिकार संगठन ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से इस मुद्दे पर ध्यान देने की अपील की है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बढ़ते मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन ने चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि वहां पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की ओर से जबरन लोगों को गायब करना, यातनाएं देना और गैर-न्यायिक हत्या करना लगातार जारी है।

अपनी रिपोर्ट में बलूच नेशनल मूवमेंट के मानवाधिकार विभाग 'पांक' ने बताया कि इस साल मार्च महीने में पूरे बलूचिस्तान में 29 लोगों की गैर न्यायिक हत्या के मामले सामने आए। संगठन ने कहा कि ये घटनाएं 'बेकाबू सरकारी ताकत के खतरनाक परिणामों' को दिखाती हैं।

**56 लोग लापता किए गए**

इसके अलावा, 56 लोगों के जबरन लापता किए जाने के मामले भी दर्ज किए गए, जिससे साफ होता है कि आम नागरिकों को व्यवस्थित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। पांक ने कहा कि मार्च 2026 में सामने आए मामलों से यह साफ दिखता है कि राज्य की ओर से दमन, मनमानी गिरफ्तारियां, शारीरिक और मानसिक यातनाएं और गैरकानूनी हत्याएं लगातार हो रही हैं। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की ओर से किए जा रहे ये अत्याचार बलूचिस्तान में डर और जवाबदेही की कमी वाला माहौल बना रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय संगठनों से बलूचिस्तान पर ध्यान देने की अपील

संगठन ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थाओं, संयुक्त राष्ट्र और सिविल सोसायटी से अपील की कि वे बलूचिस्तान में बिगड़ते हालात पर तुरंत ध्यान दें और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें, साथ ही न्याय और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाएं। इसी बीच, मानवाधिकार संगठन बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने शिक्षाविद गमखार हयात की हत्या की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे 'ज्ञान, लेखनी और जागरूकता' को दबाने की कोशिश बताया।

मशहूर कवि, साहित्यकार और शिक्षक गमखार हयात की 16 मई को बलूचिस्तान के नुशकी जिले के किल्ली मेंगल इलाके में कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थित डेथ स्क्वॉड से जुड़े लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बीवाईसी ने कहा कि प्रोफेसर गमखार हयात बलूच जैसे प्रसिद्ध लेखक, बुद्धिजीवी और शिक्षक की बेरहमी से हत्या, बलूचिस्तान में चल रहे उस पाकिस्तानी दमन का हिस्सा है जिसमें ज्ञान, लेखनी और चेतना को सरकारी ताकत के जरिए दबाया जा रहा है। यह सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि बलूच समाज की बौद्धिक सोच, मातृभाषा के प्रचार और सामूहिक चेतना पर हमला है।

# आइसलैंड की प्रधानमंत्री के साथ पीएम मोदी ने की द्विपक्षीय बैठक



**ओस्लो।** प्रधानमंत्री मोदी ने ओस्लो में आइसलैंड की प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इसके बाद वह तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बीच भारत और नॉर्वे ने अपने रिश्तों को ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप में बदल दिया है। दोनों देशों ने जलवायु, तकनीक और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में 12 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ओस्लो में आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रुन मजोल फ्रॉस्टाडॉटिर के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की। यह मुलाकात तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के आयोजन से ठीक पहले हुई। इस शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड और स्वीडन के प्रधानमंत्रियों के साथ चर्चा करेंगे। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य नॉर्डिक देशों के साथ भारत के कूटनीतिक और व्यापारिक रिश्तों को और अधिक मजबूत करना है। इससे पहले साल 2018 में स्टॉकहोम और 2022 में कोपेनहेगन में इस तरह के सम्मेलन हो चुके हैं।

इसके साथ ही, नॉर्वे ने 'इंडो-पैसिफिक ओशन्स इनिशिएटिव' में शामिल होने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने नॉर्वे के इस कदम का स्वागत किया और कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और क्षेत्र की समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। सोमवार को भारत और नॉर्वे ने जलवायु, तकनीक, समुद्री और वैज्ञानिक क्षेत्रों से जुड़े कुल 12 समझौतों और पहलों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान भी जारी किया, जिसमें नॉर्वे की आधुनिक तकनीक और भारत की बड़े पैमाने पर निर्माण करने की क्षमता का मिलकर इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया है।

भारत साल 2027 में होने वाले 'नॉर-शिपिंग' कार्यक्रम में भी हिस्सा लेगा। इसके लिए वहां एक विशेष भारतीय पवेलियन बनाया जाएगा, जिससे जहाज निर्माण और आधुनिक बंदरगाहों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने एक अहम समझौता किया है। इसके तहत दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए मिलकर काम करेंगी।

इस यात्रा के दौरान 'भारत-नॉर्वे डिजिटल डेवलपमेंट पार्टनरशिप' की भी शुरूआत की गई। यह साझेदारी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाएगी। इससे न केवल भारत बल्कि दुनिया के अन्य विकासशील देशों को भी डिजिटल बदलाव में मदद मिलेगी।

### पीएम मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री से की बात

इससे पहले, पीएम मोदी ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ भी विस्तार से बातचीत की। इस मुलाकात का सबसे बड़ा परिणाम यह रहा कि भारत और नॉर्वे ने अपने द्विपक्षीय रिश्तों को 'ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (हरित रणनीतिक साझेदारी) के रूप में अपग्रेड कर दिया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इस बातचीत को बहुत सफल बताया। उन्होंने कहा कि इस नई साझेदारी से स्वच्छ ऊर्जा, टिकाऊ विकास, ब्लू इकोनॉमी और ग्रीन शिपिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ताकत मिलेगी। इसके अलावा दोनों देशों ने नवाचार, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और कौशल विकास में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

पीएम मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के चौथे चरण में नॉर्वे पहुंचे हैं। इससे पहले वह यूएई, नीदरलैंड और स्वीडन की यात्रा पूरी कर चुके हैं।




# संभव जनसुनवाई में आई 18 शिकायतों के निस्तारण को मौके पर भेजी टीम

## निर्माण और जलकल विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संभव में सभी विभागों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के आदेश गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में आयोजित संभव जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए विभागीय टीमों को मौके पर भेजा। जनसुनवाई के दौरान निर्माण एवं जलकल विभाग से जुड़ी

### नगर आयुक्त सख्त

शिकायतें सबसे अधिक सामने आईं, जिस पर नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉ अनुज, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह तथा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 संदर्भ प्राप्त हुए। इनमें निर्माण विभाग से 7, जलकल विभाग से 4, उद्यान विभाग से 2, संपत्ति विभाग से 2, स्वास्थ्य विभाग से 1, अतिक्रमण से संबंधित 1 तथा अन्य विभागों से 1 शिकायत शामिल रही।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। संभव जनसुनवाई में कविनगर, मोहन नगर, विजयनगर, सिटी क्षेत्र, वसुंधरा और इंदिरापुरम से पहुंचे नागरिकों ने सड़क, जल निकासी, पेयजल, सफाई और अतिक्रमण जैसी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कई मामलों में तत्काल निरीक्षण के लिए टीम रवाना की गई। नगर आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संभव जनसुनवाई में समय से उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान ही निगम की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करे।

## पूर्वांचल भवन संचालन की तैयारी तेज, सदस्यता अभियान शुरू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निर्मित पूर्वांचल भवन के संचालन और सदस्यता अभियान को लेकर नगर निगम सभागार में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक की अध्यक्षता में पूर्वांचल समाज के लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्वांचल और बिहार समाज के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में पूर्वांचल भवन के संचालन, सामाजिक गतिविधियों और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई।



सर्वसम्मति से अजीवन सदस्यता शुल्क 11 हजार रुपये, विशेष सदस्यता 5100 रुपये और साधारण सदस्यता 2100 रुपये तय की गई। नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तरांचल भवन के बाद अब पूर्वांचल भवन के संचालन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अगले सात दिनों में भवन परिसर में एक बड़ी बैठक आयोजित कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए समितियां भी बनाई जाएंगी।

बैठक के दौरान कई लोगों ने ऑनलाइन भुगतान कर अजीवन सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रीता सिंह, जय दीक्षित, कंचन तिवारी, संजीव सिंह, तिलकराम पाण्डेय, सुभाष सिंह, मनोज मुंगेरी, राकेश तिवारी, राजाराम मौर्य, सुजीत तिवारी, अमन शर्मा, आशीष कुमार, कैप्टन गोपाल और पिंटू सिंह सहित कई सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने कहा कि पूर्वांचल भवन समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक पहचान का प्रमुख केंद्र बनेगा।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? भगवागढ़ का एक पदाधिकारी होने वाला है कभी भी पद से बर्खास्त? पार्टी वालों ने उपर से भेज दिया है उनको पैदल करने का फरमान? मगर ना जानें क्यों किसका इंतजार कर रह हैं हमारे अध्यक्ष, ना जानें क्यों हो रहे हैं इसपर मेहरबान? कहने वाले ने कहा कि करनी तो पड़ेगी ही उनको कार्रवाही? यूं सॉफ्ट होने से कुछ नहीं होने वाला है भाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम अध्यक्ष जी को दे रहे हैं एक अच्छी राय? वो जब उसे बर्खास्त करें तब उसके स्थान पर कोई सौम्य चेहरा लायें? हम उनको दे रहे हैं एक विचार? ओबीसी फैक्टर पर वो यहां से चुनें सौम्य किरदार? ये चेहरा पारिवारिक और सामाजिक पृष्ठ भूमि में जहां मजबूत रखता है अपनी पहचान? वहीं ये चेहरा देकर चलता है सभी को सम्मान? सौम्य कौन है ये आप समझ ही गये होंगे श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक महान मंत्री को दे दो आप हमारी तरफ से सलाह? वो ज्यादा उनको सलाह ना दिया करें? तभी कायम रहेगा उनका भला? हमने देखा वो काट रहे थे किसी बात पर उनकी बात? वो नहीं जानते हैं कि कभी कभी कुछ बातें नहीं होती हैं बर्दाश्त? अगर उनके पास है कोई प्लान तो वो उसे मजबूती से करें पेश? हमने देखा कि जब ये सलाह दे रहे थे तो देखते ही बन रहा था उस दौरान सामने बैठे दूसरे महान मंत्री का फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुनकर एक करोड़ रूपये के विकास की खुदाई? वो सभी पहुंच गये किसी मजबूत चेहरे को देने के लिए बधाई? सुना है यहां पर मारने वालों ने मार दिया फिर से चौधरी पर ताना? कहा तुम्हारे वाले फेसबुक पर बहुत डालते हैं अपने जज्बातों को तराना? तुम भी अपने शब्दों को ठीक से तोला करो? मेरी सलाह है तुम भी कम बोला करो? सुना है चौधरी ने अभी तक नहीं समझ पाये हैं इन शब्दों का तर्क? करते बड़े चौधरी है और पड़ता है इन पर फर्क?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? वो मैडम अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगी साहब? आखिर उपर वालों ने कौन सा ऐसी व्यवस्था का रखा है ध्यान? कई बड़े नेता एक नहीं दो दो पद के साथ अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं श्रीमान? फिर क्यों लगाने वाले इस महिला चेहरे से लगा रहे हैं आस? कौन सा तूफान आ गया जो एक अतिरिक्त पद आ गया उनके हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही खोड़ा वाली मैडम भाटी की मजबूत नहीं हुई हो महानगर में लाठी? मगर सुना है अभी भी उनको कुछ बड़ा देने के लिए पार्टी कर रही है विचार? देखना अब ये है कि वेस्ट वाली टीम में मिलता है क्या उनको कोई किरदार? या फिर वो किसी मोर्चे के पद पर होंगी सवार? जो भी है इन दिनों काफी एक्टिव है उनका किरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज बनेगा भगवा चौपड़ा का जन्मदिन? हमने देखा देर रात से ही मिलनी शुरू हो गयी थी उनको बधाई? कहने वाले ने कहा हम आज रात 12 बजे तक इंतजार करेंगे उस चेहरे की पोस्ट का ? जो चौपड़ा के महामंत्री बनने से पहले मानता था उन्हें अपना छोटा भाई? कहने वाले ने कहा आज भी अगर उसने दिखाई रूसवाई? फिर समझ ले खेल अब मौहब्बत का पूरी तरह से निपट चुका है भाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्होंने रात को विरोध का बिगुल बजाकर महफिल लूट ली थी सनम? उनके नाम की कसम खाकर कई चेहरे क्रांतिकारी बन गये थे और ढाने लगे थे शब्दों का सितम? मगर इन सबको नहीं था 12 घंटे के बाद होने वाली घटना का अंदाज? इन्हें नहीं पता था कि खेल एक ही झटके में खत्म कर देंगे इनके सरताज? कहने वाले ने कहा जो भी हो आईडी हैक होने वाली बात को कहकर उन्होंने ये तो दे ही दिया है सबको संदेश? अब वो जो भी कुछ लिखेंगे उसे ज्यादा गम्भीरता से नहीं लेगा अब कोई भी फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क.. क.. क ... करण ने कर दिया तोड़ ? हार्डिंग बनाने वाले मैटर में उन्होंने अच्छे से अच्छे को दिया पीछे छोड़? उन्होंने अपने होर्डिंग में दे दिया संगठन की पूरी टीम को स्थान? कहने वाले ने कहा कि उन्होंने एक ही खर्चे में निपटा दिया पूरा काम? एक ही झटके में कर दिये सारे चेहरे खुश? मगर देखना ये है कि ये एक होर्डिंग भविष्य में इनमें से कितने चेहरों को शर्मा जी के पक्ष में करके रखेगा संतुष्ट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये तो सभी जानते हैं कि हैवी वेट वालों के दिल में अपने प्रिय प्रेम का है अलग से फ्रेम? उन्हें भी ये जानकर हैरानी हुई जब खोड़ा वाले मंडल में आया उनके प्रिय त्यागी का नेम? उन्होंने अध्यक्ष जी से मुस्कुराकर कही एक बात? कहा आपने इनकी ड्यूटी ज्यादा दूर लगा दी है? गाड़ी से नहीं चलते हैं ये भाई साहब? फिर इस ताजपोशी से हैवी वेट वाले दिखे संतुष्ट? अहसास कराया योद्धा ने ये काम किया है बहुत ही पुष्ट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## बैरिकेडिंग लगाकर एसीपी वेवसिटी ने की जगह-जगह जांच लापरवाही मिलने पर बीट कांस्टेबल को लगाई फटकार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराध नियंत्रण और रात्रि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार देर रात थाना वेव सिटी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की जांच कराई। एसीपी वेव सिटी ने थाना पुलिस को पहले ब्रीफ करते हुए निर्देश दिए कि रात्रि गश्त में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए। इसके बाद जयपुरिया कट और लाल कुंआ समेत कई प्रमुख प्वाइंट्स पर चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की तलाशी ली गई तथा वाहन चालकों के दस्तावेज भी चेक किए गए। वहीं निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर लापरवाही मिलने पर एसीपी ने संबंधित बीट कांस्टेबल को फटकार लगाते हुए ड्यूटी में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर अंकुश लगाने और आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत करने के लिए लगातार रात्रि चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। देर रात तक चली कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों और मुख्य मार्गों पर विशेष निगरानी बनाए रखी।

## ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में यूपी पुलिस का दमदार प्रदर्शन, 36 पदक और दो ट्रॉफियां जीतकर बढ़ाया मान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 9 मई से 13 मई 2026 तक आयोजित अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर में अपना दबदबा कायम किया। पुलिस विभाग की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश की विभिन्न राज्य पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की कुल 42 टीमों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 1200 खिलाड़ी शामिल हुए।

प्रतियोगिता में करीब 700 खिलाड़ी बैडमिंटन और शेष खिलाड़ी टेबल टेनिस मुकाबलों में उतरे। उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन टीम ने पुरुष एवं महिला वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 17 पदक अपने नाम किए। टीम के मुख्य प्रशिक्षक उपनिरीक्षक वरुण पवार, महिला प्रशिक्षक मुख्य आरक्षी भावना बालियान तथा सहायक प्रशिक्षक मुख्य आरक्षी विनय कुमार पांडे के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कोच्चि में आयोजित प्रतियोगिता में यूपी पुलिस बैडमिंटन टीम ने 10 पदक जीते थे, जबकि इस बार टीम ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार करते हुए 17 पदक हासिल किए। टीम स्पर्धा में महिला टीम उपविजेता रही, जबकि पुरुष टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्तर प्रदेश पुलिस की टेबल टेनिस टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। टीम ने 5 स्वर्ण, 6 रजत तथा 8 कांस्य पदक जीतकर पूरे भारतीय पुलिस खेलों में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। टीम के प्रशिक्षक महेश चंद पांडे ने इस सफलता का श्रेय उत्तर प्रदेश पुलिस के खेल सचिव डॉ. प्रीतिंदर सिंह, आईपीएस अधिकारी श्रीमती चारु निगम तथा खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन को दिया।

खिलाड़ियों ने भी अपनी सफलता के पीछे प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। उत्तर प्रदेश पुलिस के खेल सचिव डॉ. प्रीतिंदर सिंह ने दोनों टीमों एवं प्रशिक्षकों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन के बल पर उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। दोनों टीमों ने मिलकर कुल 36 पदक एवं दो ट्रॉफियां जीतकर उत्तर प्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया।

इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के मुखिया राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की सराहना की। अब दोनों टीमों की नजर अक्टूबर 2026 में अहमदाबाद में प्रस्तावित अगली अखिल भारतीय पुलिस प्रतियोगिता पर है, जिसके लिए खिलाड़ियों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।


**तेरहवीं/शोक सभा**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी

**श्रीमती ओमवती देवी**

(पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री)

पत्नी श्री आर.के. सिंह IAS (सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव)

का स्वर्गवास शुक्रवार, 8 मई 2026 को हो गया है। ईश्वर उनकी आत्मा को परम शान्ति प्रदान करें।

उनकी आत्मिक शान्ति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं आरिष्टी निम्न कार्यक्रमानुसार होगी।

**बुधवार, 20 मई 2026**

शोक सभा - प्रातः 10:30 बजे से

ब्रह्मभोज - प्रातः 11:30 बजे से

रस्म पगड़ी - दोपहर 02:30 बजे

स्थान : **आर.के. फार्म** रशीदपुर गढ़ी, नगीना रोड, बिजनौर

**-: शोकाकुल परिवार :-**

डॉ० राजीव कुमार सिंह (पुत्र), एस.पी. विजिलेंस, मेरठ

हैनरीता राजीव सिंह (पुत्र वधु), अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, बिजनौर

सभी बेटियाँ, राजसूय कुमार सिंह (पौत्र)

एवं समस्त शोकाकुल परिवार तथा सम्बन्धीगण

मो०- 9412714166, 9560444522, 8010293016


## ई-कॉमर्स के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे कैमिस्ट, खुले रहेंगे मेडिकल स्टोर




**ग्रेटर नोएडा।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आह्वान पर बुधवार को ई-कॉमर्स के माध्यम से दवाइयों की बिक्री के विरोध में देशभर में मेडिकल स्टोर बंद रखने की घोषणा की गई है। हालांकि गौतमबुद्ध नगर में अधिकांश मेडिकल स्टोर खुले रहने की संभावना है। इसके बावजूद ग्रेटर नोएडा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने एआईओसीडी के आंदोलन और मांगों का समर्थन करने की बात कही है।

ग्रेटर नोएडा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गर्ग ने बताया कि केवल एक दिन मेडिकल स्टोर बंद रखने से ई-कॉमर्स के जरिए हो रही दवाइयों की बिक्री पर प्रभावी रोक नहीं लग सकेगी। उन्होंने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में गंभीर बीमारियों से मरीज जूझ रहे हैं, जिन्हें नियमित दवाइयों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि मरीजों की जरूरतों और जनहित को ध्यान में रखते हुए जिले के अधिकांश मेडिकल स्टोर खुले रखे जाएंगे। हालांकि एसोसिएशन ई-कॉमर्स दवा बिक्री के विरोध में एआईओसीडी के समर्थन में खड़ा रहेगा और इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करेगा। उन्होंने कहना है कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर दवाइयों की बिक्री से पारंपरिक मेडिकल स्टोर प्रभावित हो रहे हैं। मेडिकल स्टोर संचालक यशपाल सिंह प्रजापति ने बताया कि अब तक एसोसिएशन की ओर से मेडिकल स्टोर पूरी तरह बंद रखने के लिए कोई औपचारिक दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनऔषधि नोडल अधिकारी अमित राजपूत का कहना है कि ई-कॉमर्स के विरोध में जनऔषधि केंद्र बंद नहीं रहेंगे। ऐसे में जिले में मेडिकल स्टोर खुले रहने की संभावना के चलते मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है, जबकि दवा विक्रेता संगठन अपने विरोध को अन्य माध्यमों से जारी रखेंगे।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई 72 हजार वाहनों की जांच, 22 हजार का काटा चालान



**नोएडा (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में 15 से 17 मई 2026 तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ तीन दिवसीय सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की नसीहत दी। अभियान अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया।

अभियान के दौरान प्रेशर हॉर्न, बिना नंबर प्लेट, दोषपूर्ण नंबर प्लेट, काले शीशे, स्टंटबाजी और ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की गई। ध्वनि प्रदूषण की जांच के लिए डेसिबल मीटर का भी इस्तेमाल किया गया।

पुलिस के अनुसार नोएडा, सेंट्रल नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यातायात पुलिस द्वारा कुल 273 स्थानों पर 72,152 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 22,297 वाहनों के खिलाफ यातायात नियमों के उल्लंघन में कार्रवाई की गई। अभियान में 666 प्रेशर हॉर्न, 1,346 बिना या दोषपूर्ण नंबर प्लेट वाले वाहन, 752 काले शीशे वाले वाहन, 78 स्टंटबाजी करने वाले वाहन और 2,226 ओवरस्पीड वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा 17,229 अन्य वाहनों के चालान भी किए गए। पुलिस ने इस दौरान 5 अभियोग दर्ज किए, 19 वाहन सीज किए तथा एक लावारिस वाहन को कब्जे में लिया। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें।

## लावारिस कुत्ते अब सार्वजनिक स्थानों से हटेंगे शहरवासियों ने ली राहत की सांस



**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से मंगलवार को लावारिस कुत्तों को लेकर दिए गए बयान के बाद पशु प्रेमी और शहरवासी दोनों ही खुश और राहत महसूस कर रहे हैं। तमाम ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी निवासियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से लिया गया निर्णय जनहित में है। वहीं पशु प्रेमी व पशु अधिकार कार्यकर्ता संजय महापात्रा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर यदि सरकारें नसबंदी, टीकाकरण, उपचार केंद्र व जन जागरूकता कार्यक्रम पर ध्यान देती तो शायद यह स्थिति उत्पन्न न होती।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने साल 2025 के नवंबर माह में दिए गए निर्णय को बरकरार रखते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया। तब निर्णय किया गया था कि अस्पतालों, बस अड्डो, स्कूलों, रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थानों से पकड़े गए लावारिस कुत्तों को टीकाकरण या नसबंदी के बाद उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा। यानी कि सार्वजनिक स्थानों से पकड़े गए लावारिस कुत्तों को अब शेल्टर होम में रखा जाएगा। ऐसे में पशु प्रेमी व अन्य शहरवासियों ने अपनी अपनी राय दी है। उनका कहना है कि अब बस प्रशासन व नोएडा प्राधिकरण से उम्मीद है कि वह उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करें। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से सहमत हूं, सोसाइटी में अक्सर देखा जाता है कि खूंखार लावारिस कुत्ते महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाते थें। इसके अलावा लोगों के घरों के बाहर गंदगी भी फैलाते हैं। -मोनिका चौहान, सनवर्ल्ड वनालिका, सेक्टर 107 रोजाना किसी न किसी सोसाइटी से लावारिस कुत्तों के काटने के मामले आते थे।